नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार 28 सितंबर 2021, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-227 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कुछ निठल्ले ऐसे भी होते है जो खाली पिली बोम मारते रहते है। बिन मांगे सलाह देते रहना अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते है। भले ही उनकी बात एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दी जाए लेकिन वे मशवरा देने से बाज नहीं आते। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूख अब्दुल्ला भी ऐसे ही शख्स है जो वाहियात सलाह देने के लिए कुख्यात है। अब इस बुड़बक बुढ़ऊ ने केन्द्र सरकार को सलाह दी है कि वह तालिबान से बातचीत करें। तालिबान की पैरोकारी करने वाले ऐसे अदमी को तो कायदे से पहली फुर्सत में अफगानिस्तान पार्सल कर देना चाहिए।

रेत माफियाओं पर कानून का कोई जोर नहीं, ग्रामीणों को दी गोली मारने की धमकी

- ग्रामीणों की शिकायत पर 3 के खिलाफ केस दर्ज, गहरी नींद में गाफिल खनिज विभाग

पीयूष गुप्ता

रामानुजगंज/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रेत माफियाओं पर कानून का कोई जोर नहीं है। यहां रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं। अफसरों के सांठगांठ व संरक्षण में अवैध रेत उत्खनन का मामला जोरों से चल रहा। खनिज विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला रामानुजगंज के विजय नगर से सामने आया है। यहां अवैध उत्खनन कर रहे रेत माफियाओं को ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की तो उन्हें गोली मारने की धमकी दे दी गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पोकलेन से निकाल रहे रेत

नियमों को ताक में रख कर माफिया पोकलेन से रेत उत्खनन कर रहे। शिवपुर में कन्हर नदी से रेत उत्खनन की अनुमति नहीं दी गई है। वहीं शिवपुर में भंडारण के नाम पर भी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही। स्टेट हाईवे से मानक दूरी का बिना पालन किए भंडारण बेधड़क चल रहा। जबकि वर्षाकाल में नदी नालों से रेत उत्खनन पर एनजीटी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नहीं पहुंचा खनिज अमला

रविवार सुबह साढ़े 11 बजे के करीब गम्हरिया से होकर ओवरलोड रेत से भरी ट्रक जा रही थी जिसे दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा रुकवा कर ओवरलोड परिवहन का विरोध करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क लगातार खराब हो रही है। खराब सड़कों की वजह से गांव में एंबुलेंस तक नहीं पहुंच रही। हम परेशानी से गुजर रहे और आप लोगों के द्वारा अवैध रेत उत्खनन व ओवरलोड परिवहन कर सड़कें खराब कर रहे। ग्रामीणों ने वाहनों को रोक कर कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचित किया। लेकिन माइनिंग विभाग के अफसर मौके पर नहीं पहुंचे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ले ली सैकड़ों पेड़ों की बलि

रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि कन्हर नदी का सीना छलनी करके रेत उत्खनन किया ही। वहीं नदी तक रास्ता बनाने के लिए सैकड़ों पेड़ों की बलि भी चढ़ा दी। बावजूद इसके वन विभाग ने चूं तक नहीं किया गया। जबकि कोई ग्रामीण जंगल से एक पेड़ काट ले तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। मगर यहां वन भूमि के सैकड़ों पेड़ों को काटने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं गांव के मुक्तिधाम को भी नहीं छोड़ा। मुक्तिधाम के नजदीक उत्खनन कर दिया जिससे अब मुक्तिधाम उपयोग लायक नहीं रह गया।

> ग्रामीणों के शिकायत पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> **विनोद पासवान,** चौकी प्रभारी विजय नगर

कृषि कानून के खिलाफ किसानों का भारत बंद कहीं जाम लगा तो कहीं सामान्य रहे हालात

आंदोलनरत किसानों ने माना जनता का आभार, कहा- मोदी सरकार की कॉर्पोरेट परस्ती के खिलाफसंघर्ष जारी रहेगा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत बंद का असर राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में मिला जुला देखने को मिला। हालांकि सुबह सड़क किनारे कुछ दुकानें खोली गई, लेकिन बाद में उन्हें बंद कर दिया गया।

दरअसल, तीन काले कृषि कानूनों को लेकर विभिन्न किसान संगठनों ने सोमवार को भारत बंद का ऐलान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

20 से अधिक जिलों में हुई प्रत्यक्ष कार्रवाई

किसान नेता संजय पराते ने बताया कि अभी तक राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, कांकेर, बस्तर, बीजापुर, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और मरवाही सहित 20 से ज्यादा जिलों में प्रत्यक्ष कार्यवाही हुई। बांकीमोंगरा-बिलासपुर मार्ग, अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग, सूरजपुर-बनारस मार्ग और बलरामपुर-रांची मार्ग में सैकड़ों आदिवासियों ने सड़कों पर धरना देकर चक्का जाम किया। इस चक्का जाम में सीटू सहित अन्य मजदूर संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया और मोदी सरकार की मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान महापंचायत आज, किसानों को साधने आएंगे राकेश टिकैत

- मुख्य वक्ता के तौर पर योगेंद्र यादव, दर्शन पाल सिंह, मेधा पाटकर समेत कई बड़े नेता होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि कानून को लेकर किसानों और केंद्र सरकार के बीच लंबे समय से मतभेद है।इसी को देखते हुए छत्तीसगढ़ में पहली बार किसान महापंचायत का आयोजन होने जा रहा है।

यह किसान महापंचायत 28 सितंबर,मंगलवार को गरियाबंद जिले के राजिम में होगी। जिसमें दिल्ली से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

MSP पर केंद्र के झूठ को करेंगे बेनकाब

किसान महापंचायत को लेकर छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के घटक संगठनों ने महीनेभर पहले एक बैठक राजिम में किया गया था। बैठक में छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ संचालक मंडल के सदस्य तेजराम विद्रोही ने बताया, दिल्ली सीमाओं पर किसान, कृषि और आम उपभोक्ता की आजीविका तथा अस्तित्व को बचाने का संघर्ष जारी है।

कांग्रेस नेता और पत्नी की हत्या में 4 नाबालिक समेत 5 गिरफ्तार

- चोरी की नियत से मित्तल निवास में घुसे, नींद खुली तो मार दिया

रायगढ़। रायगढ़ के लैलूंगा में कांग्रेस नेता और व्यापारी मदन अग्रवाल और उनकी पत्नी अंजू देवी की हत्या का खुलासा सोमवार को कर दिया। एसपी अभिषेक मीणा ने प्रेस कांफ्रेस में मीडिया को बताया कि हत्याकांड को चोरी करने की नीयत से घर में घुसे 4 नाबालिग और दो युवकों ने अंजाम दिया था। चोरी करने के दौरान मदन और उनकी पत्नी की नींद खुल गई थी, इसलिए आरोपियों ने उन्हें मार डाला। आरोपियों के पास से 80 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। इस मामले में 4 नाबालिग समेत 5 आरोपी पकड़ लिए गए जबकि एक फरार है। जिसके पास चोरी हुआ बैग व कुछ नकदी बरामद होने की संभावना है। 22-23 सितंबर की दरम्यिानी रात लैलूंगा निवासी मदन अग्रवाल (55 वर्ष) एवं उनकी पत्नी अंजूदेवी अग्रवाल (54 वर्ष) का गला दबाकर हत्या करने की घटना सामने आई थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। जहां सांई पेट्रोल पम्प के पास 22 सितंबर की रात 3-4 लड़कों का मूवमेंट दिखा। पुलिस टीम तत्काल संदिग्धों की पतासाजी कर तीन नाबालिग बालकों को हिरासत में लिया गया। नाबालिगों द्वारा चखना सेंटर में चोरी के साथ निर्माणाधीन मकान के पास के मकान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

तीन जिलों के बदले कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर में दिव्यांग हॉस्टल, बलरामपुर में पंडो जाति की मौत मामले के बाद सीएम भूपेश खासे नाराज चल रहे थे। सोमवार को देर शाम सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के 3 जिलों में कलेक्टर का तबादला आदेश जारी कर दिया। जिसमें जशपुर, बीजापुर और बलरामपुर-रामानुजगंज के कलेक्टर बदले गए। जशपुर कलेक्टर महादेव कावरे को जल संसाधन विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उनकी जगह रितेश अग्रवाल को बीजापुर से जशपुर भेजा गया है। इंदरजीत सिंह चंद्रवाल को संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के उप सचिव पद पर पदस्थ किया गया है, वहीं कोरबा जिपं सीईओ कुंदन कुमार को बलरामपुर कलेक्टर बनाया गया है। रायगढ़ एडीएम राजेंद्र कटारा को बीजापुर कलेक्टर पदस्थ किया गया है।

जीपी सिंह पर सुप्रीम कोर्ट की तल्खी पैसा वसूली पर होना चाहिए जेल

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निलंबित एडीजी गुरजिंदर पाल सिंह से जुड़े मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस एन.वी.रमण ने कहा कि आप हर मामले में सुरक्षा नहीं ले सकते हैं, क्योंकि आप सरकार के करीबी हैं तो आपने पैसा वसूलना शुरू कर दिया,ऐसे में आपको भुगतान मय ब्याज करना होगा।

दरअसल, सोमवार को निलंबित एडीजी गुरजिंदर पाल सिंह के मामले में सुनवाई थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने थोड़ी राहत जीपी सिंह को जरूर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दर्ज तीसरी एफआईआर पर भी जीपी सिंह को गिरफ्तारी पर अंतरिम संरक्षण दे दिया यानी चार हफ्ते तक राजद्रोह और आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनकी गिरफ्तार पर रोक लगाई है। साथ ही कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर 1 अक्तूबर को सारे मामले की सुनवाई की तारीख तय की है।

जीपी सिंह के वकील विकास सिंह ने कोर्ट से कहा कि इस प्रकार के अधिकारियों को सुरक्षा की आवश्यकता है। पिछली सुनवाई में पुलिस अफ सरों के सत्ताधारी दलों के साथ गठजोड़ पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई थी। चीफ जस्टिस ने कहा था कि देश में ये परेशान करने वाला ट्रेंड है। कोर्ट ने कहा था- 'पुलिस अफसर सत्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भवानीपुर उपचुनाव

प्रचार के आखिरी दिन हिंसा, आपस में भिड़े बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ता

कोलकाता (ए.)। भवानीपुर उपचुनाव के लिए आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। आज कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष के साथ कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी की गई। जादूबाबू बाजार में भगवा खेमे की रैली में हुई इस घटना के बाद बीजेपी ने बंगाल सरकार की तुलना तालिबान शासन से की है।

आपको बता दें कि इस झड़प में कई बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गए। इस हिंसा को लेकर भाजपा नेता अग्निमित्र पॉल ने कहा, ÷सीएम ममता बनर्जी सहित टीएमसी सरकार असहिष्णु है, हमें प्रचार करने की अनुमति नहीं दे रही है। टीएमसी के गुंडों ने हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया, उन्हें पीटा। 30 सितंबर को वोट देने से पहले फैसला करें।

बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हालिया झड़प पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ''स्थिति बहुत गंभीर है। चुनाव आयोग कुछ नहीं कर रहा है। हमारी पार्टी की एक टीम ने ईसी से दिल्ली में मुलाकात की और यहां (कोलकाता में) हमारे प्रतिनिधिमंडल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोवा में कांग्रेस को बड़ा झटका

ममता की तारीफ कर पूर्व सीएम लुईजिन्हो फलेरियो ने दिया इस्तीफा

- टीएमसी में होंगे शामिल

पणजी (ए.)। गोवा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम लुईजिन्हो फ्लेरियो ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अटकलें हैं कि वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस और विधायक पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफकी। उन्होंने कहा कि ममता एकमात्र स्ट्रीटफाइटर हैं जो बीजेपी को कड़ी टक्कर दे सकती हैं। गोवा में यह राजनीतिक घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है, जब एक दिन पहले ही टीएमसी ने दक्षिणी राज्य में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

फ्लेरियो ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की तारीफकरते हुए कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए उनके जैसे नेता की जरूरत है। फ्लेरियो नवेलिम विधानसभा सीट से विधायक थे। उन्हें अगले साल होने वाले राज्य चुनावों के मद्देनजर गोवा कांग्रेस की प्रचार समिति का प्रमुख बनाया गया था। फ्लेरियो ने विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर को अपना इस्तीफा सौंपा।

फ्लेरियो के इस्तीफे के साथ 40 सदस्यीय सदन में कांग्रेस विधायकों की संख्या घटकर 4 हो गई है। 2017 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 17 सीटें जीती थीं, लेकिन बाद में कई विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

गोवा में चुनाव लड़ेगी टीएमसी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने रविवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी गोवा में भी चुनाव लड़ने जा रही है। टीएमसी महासचिव ने भवानीपुर में ममता बनर्जी के लिए वोट मांगते हुए कहा, ''टीएमसी एकमात्र पार्टी है जो पूरी बहादुरी और बाहरी लोगों के सामने झुके बिना लड़ रही है। हम त्रिपुरा और असम पहुंच गए हैं। आन वाले दिनों में हम गोवा भी जाएंगे। इसलिए खुद को तैयार कर लो। हम राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार हैं।''

जनता के नाम संबोधन

देश में एक समावेशी और समग्र स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत बुनियादी ढांचा हो रहा तैयार

सबको सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: मोदी

- भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता

नई दिल्ली/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं और मध्यम वर्ग को सस्ता और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि देश में एक समावेशी और समग्र स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

एक प्लेटफार्म संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं

श्री मोदी ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तीसरी वर्षगांठ पर ऑनलाइन आयोजित एक कार्यक्रम में 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे देश भर की स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्पताल, चिकित्सक, फार्मेसी, दवा की दुकान और मरीज एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे। प्लेटफार्म से देश के दूरदराज के हिस्सों में भी नागरिकों को वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों से परामर्श मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल से चल रही स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का अभियान आज नए चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, आज हम एक मिशन शुरू कर रहे हैं जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है।

जल्द आएगी स्वास्थ्य नीति

प्रधानमंत्री ने जन औषधि, आयुष्मान भारत, डिजिटल लेन-देन, ई-संजीवनी, टेलीमेडिसिन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में पिछले छह सात साल के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का काम चल रहा है। सरकार जल्दी ही नई स्वास्थ्य नीति लेकर आएगी। यह नीति पूरी तरह से समावेशी और समग्र होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार की योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने आरोग्य और कोविन ऐप का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में स्वास्थ्य सुविधाओं का इतना मजबूत और व्यापक बुनियादी ढांचा कहीं मौजूद नहीं है। इन दोनों ऐप की बदौलत लोगों को कोरोना महामारी के बारे में जागरुक करने और महामारी को नियंत्रित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि कोरोना टीकाकरण में कोविन ऐप का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है।

डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र मिलेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन अब देश भर के अस्पतालों के डिजिटल प्लेटफार्म को एक-दूसरे से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि मिशन न केवल अस्पतालों की प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा बल्कि जीवन की सुगमता को भी बढ़ाएगा। इसके तहत अब प्रत्येक नागरिक को एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र मिलेगा और उनका स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। विश्व पर्यटन दिवस पर आज के कार्यक्रम के आयोजन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य का पर्यटन से बहुत गहरा संबंध है, क्योंकि जब स्वास्थ्य ढांचा एकीकृत और मजबूत होता है, तो यह पर्यटन क्षेत्र में भी सुधार करता है। उन्होंने इसके लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और गोवा का उल्लेख किया।

चक्रवात गुलाब का असर, इन राज्यों में अगले 2-3 दिन बारिश के आसार

- मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है

नई दिल्ली, एजेंसी। चक्रवात गुलाब कमजोर होकर दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे सटे इलाके में गहरे दबाव का क्षेत्र बन गया है। डीप डिप्रेशन पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ेगा और महाराष्ट्र के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा। मानसून की ट्रफ रेखा जैसलमेर, कोटा, सागर, गहरे दबाव के केंद्र और फिर पूर्व की ओर बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी से गुजर रही है। चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पूर्व मध्य और म्यांमार तट से सटे उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इसकी वजह से देश के कई राज्यों में अगले 2-3 दिन भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक में भारी बारिश हो सकती है। वहीं ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त प्रदीप कुमार जेना ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि अगले 2-3 घंटे में चक्रवात गुलाब के ओडिशा की सीमाओं से बाहर होने की उम्मीद है। बहुत ज़्यादा बारिश नहीं हुई है। किसी के घायल होने या किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

मौसम विभाग की ताजा जानकारी के मुताबिक अगले 2 घंटे के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निगम के अत्याचार से गरीब कर्मचारी ने की आत्महत्या : भाजपा

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम द्वारा वार्ड 31 सिद्धार्थ नगर के 7 सफाई कर्मचारियों को तीन दिन के अंदर मकान तोड़े जाने दिए नोटिस के चलते दलित सफाई कर्मी युवक बिनेश गुजरिया के आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को तत्काल अनुकम्पा नियुक्ति देने व 5 लाख मुआवजा देने तथा सभी पीड़ित लोगों को नोटिस दे राहत देने की मांग करते हुए इस पूरे मामले कि निष्पक्ष जांच कर

दोषी निगम अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, शिव चंद्राकर, महामंत्री ललित चंद्राकर, नटवर ताम्रकार, उपाध्यक्ष कांतिलाल जैन, दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा, चंद्रशेखर चंद्राकर, दीपक चोपड़ा, लुकेश बघेल, जिला भाजयुमो अध्यक्ष नितेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष उपासना चंद्राकर, संतोष कोसरे, कैलाश डग्गर, अल्का बाघमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पार्षद उपस्थित थे। इस पूरे मामले की जानकारी लेकर दोपहर डेढ़ बजे सभी भाजपा संगठन के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भाजपा कार्यालय से एक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कहा कि निगम का संवेदनहीनता व अमानवीय कृत्य उजागर हुआ है। उक्त स्थल पर 50 वर्ष से अधिक काबिज लोगों को अचानक 3 दिन में मकान तोड़ने का नोटिस देना प्रशासन व निगम में काबिज सत्ताधारी दल के पूर्वाग्रह को दर्शाता है किन्तु भाजपा इस मामले में चुप नहीं बैठेगी बल्कि दलित परिवार के हक के लिए संघर्ष करेंगी।

प्रदर्शन में देवनारायण चंद्राकर, नरेश तेजवानी, पुष्पा गुलाब वर्मा, विजय ताम्रकार, राहुल पंडित, तेखन सिन्हा, गौरव शर्मा, राहुल भट्ट, सुधा राठौर, संदीप भाटिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी केएस चौहान ने मीडिया को दी।

हाईटेंशन लाइन से एक और मौत

दुर्ग/ नवप्रदेश। जवाहर नगर से सटे शक्ति नगर में सुबह करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां के निवासी रामेश्वर यादव (उम्र 35 वर्ष) के मकान के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। मकान की तराई करते समय रामेश्वर को करंट लगा और उनकी मौत हो गई। जवाहर नगर एरिया में समस्याओं का जायजा लेने पहुंचे विधायक अरुण वोरा को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने रामेश्वर के घर पहुंचकर रामेश्वर के परिजनों को सांत्वना दी। वोरा ने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे और विद्युत कंपनी के अफसरों से फोन पर इस घटना की जानकारी दी और तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। स्थानीय नागरिकों के अनुसार हाईटेंशन लाइन के कारण यहां करंट लगने से चौथी मौत हुई है। वोरा ने कहा कि विद्युत कंपनी के अफसर पूरे शहर में खतरनाक हाई टेंशन लाइन से लोगों का जीवन सुरक्षित करने के उपाय तत्काल करें। वोरा ने कहा कि इस काम में किसी भी तरह की कोताही नहीं होना चाहिये। वोरा ने इस मामले में पूरी गंभीरता के साथ हाई टेंशन लाइन को शिफ्ट करने या इसकी ऊंचाई बढ़ाने सहित लाइन को कवर करने जैसे उपाय करने के निर्देश दिए ताकि बिजली करंट लगने के खतरे से लोगों का जीवन सुरक्षित रह सके।

न्यूज गैलरी

17 दुकानदारों से निगम ने वसूला जुर्माना

दुर्ग। निगमायुक्त हरेश मंडावी के दिशा निर्देश पर शहर के मुख्य बाजार इंद्रिरा मार्केट को व्यवस्थितकरण के तहत पांच दिनों से लगातर समझाइश हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था कि दुकान के बाहर बरामदे पर सामान रखकर व्यवसाय नही करेंगे। उसके बाद भी समझाइश को नही समझने वाले दुकानदार बाहर बरामदे पर सामान सजाकर व्यवसाय कर रहें दुकानदारों को निगम टीम ने इंद्रिरा मार्केट में इलेक्ट्रिक एम्पोलियम 5 सौ, शीतल ट्रेडर्स 5 सौ, श्रीजी इलेक्ट्रिकल से 5 सौ, सत्यम बेकरी से 5 सौ, सादाणी प्रोविजन से 5 सौ, देवेंद्र मसाला भंडार से 5 सौ, अग्रवाल मिष्ठान भंडार 5 सौ, क्वालिटी बर्तन दुकान 5 सौ, लक्ष्मी नारायण स्टेशनरी 5 सौ, रवि देवांगन 5 सौ, राधाकृष्ण दुकान 5 सौ, आशीष साहू 5 सौ, एवन ट्रेडर्स एवं मुकेश ढीमर को 5 सौ कुल 17 दुकानदारों के ऊपर कार्रवाही की गई।

कल से आजादी का अमृत महोत्सव

दुर्ग। राज्य शासन के आदेशानुसार निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगमायुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कचरा अलग करो अमृत दिवस के तहत वार्डो में 8 सितम्बर से प्रतिदिन डोर टू डोर स्त्रोत पृथकीकरण हेतु स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड सुपरवाइजरों और एसएलआरएम सेंटरों के सुपरवाइजरों के द्वारा नागरिकों को समझाइश दी जा रही है। साथ ही साथ कचरा कनेक्शन हेतु रिक्शा लेकर जा रही दीदियों को भी घरो से गीला और सूखा कचरा अलग अलग लेने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। उनके द्वारा उक्त कार्य का प्रतिदिन निष्पादन किया जा रहा है। आयोजन 29 सितम्बर को एनजीओ ब्रांड एंबेसडरों समूह द्वारा जनभागीदारी के तहत चौपाटी एसएलआरएम सेंटर वार्ड 29 में सुबह 10.30 बजे और बटालियन एस एमआर एम सेन्टर वार्ड 60 में प्रातः 11 बजे प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे महापौर धीरज बाकलीवाल, स्वास्थ्य प्रभारी समेत एमआईसी सदस्य, पार्षद और एल्डरमेन शामिल होगें।

17 दुकानदारों से निगम ने वसूला जुर्माना

भिलाई। श्री गुजराती समाज के मंदिर माँ वैष्णवी देवी मंदिर सेक्टर 4 में आगामी 7 अक्टूबर 2021 से सर्वकल्याण शारदीय नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण पर है। माता रानी के मंदिर एवं अखंड ज्योत भवन को रंग .बिरंगी झालरों से सजाया गया है। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए डिजिटल माध्यम से अखंड ज्योत का पंजीयन किया जा रहा हैं। समाज के द्वारा शुरू की गई इस पहल का भक्तजनों के द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ज्योत के पंजीयन के लिये मोबाइल नंबर 7828884571 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष कौशिक दवे एवं सचिव दीपक भट्ट ने दी।

संपत्तिकर के दायरे में लाने पर होगा फोकस : सर्वे

राजस्व वसूली की प्रतिदिन होगी मॉनिटरिंग

भिलाई/ नवप्रदेश। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राजस्व वसूली की बैठक ली। कम वसूली को लेकर आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे नाराज हुए। उन्होंने स्पैरो और जोन के राजस्व विभाग के परस्पर समन्वय न होने पर असंतोष जाहिर किया और समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। संपत्तिकर, समेकितकर एवं शिक्षा उपकर के वार्षिक लक्ष्य के मुताबिक केवल 27.93 प्रतिशत की वसूली की गई है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि संपत्तिकर की वसूली में तेजी से कार्य करें। डोर टू डोर कलेक्शन शत प्रतिशत हो, केवल काउंटर में

बैठकर वसूली करने से काम नहीं चलेगा। वसूली बढ़ाने शिविर भी आयोजित करें, बकाया राशि वसूली पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई समय पर हो। निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत 173, 174 एवं 175 के तहत कुर्की की कार्यवाही करें। प्रत्येक जोन के टैक्स वसूली की उन्होंने बारी-बारी से समीक्षा की। सहायक राजस्व अधिकारियों को स्पैरो से समन्वय बनाकर कार्य करते हुए 100 प्रतिशत वसूली करने निर्देश दिए। उपायुक्त एवं संपत्तिकर के अधिकारी सुनील अग्रहरि को उन्होंने राजस्व वसूली को लेकर नियमित रूप से प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

जोन स्तर पर संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट पर होगा काम

निगमायुक्त के संज्ञान में आया कि राजस्व करो के भुगतान हेतु सभी जोन कार्यालय में काउंटर स्थापित है। लेकिन करदाता को अपने स्वामित्व के भवन/भूमि पर संपत्तिकर जमा करने के लिए संपत्तिकर आईडी कोड जनरेट कराने मुख्य कार्यालय आना पड़ता है।

निगम ने जारी की हेल्पलाइन नं.

भिलाई/नवप्रदेश। शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार कोविड.19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों, आश्रितों को अनुदान सहायता देने के लिए निगम ने आवेदन लेना प्रारंभ कर दिया है। निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 18 सहित समस्त जोन कार्यालय में आवेदन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कोविड.19 से मृत प्रति व्यक्ति के लिए 50 हजार निर्धारित की गई है। निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने सभी जोन आयुक्त को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक लेकर इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। मृत व्यक्तियों के निकटतम संबंधी आवेदक को अनुदान राशि आधार लिंक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की प्रक्रिया के माध्यम से भुगतान होगा। आवेदक द्वारा प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों में लगे सभी दस्तावेज का परीक्षण किया जाएगा। आवेदन संकलित होने के बाद चेक लिस्ट अनुसार आवेदन पत्रों को संकलित कर सूची जिला स्तर पर गठित कोविड.19 मृत्यु विनिश्चयन समिति को प्रेषित किया जाएगा। भिलाई निगम ने अनुदान सहायता से संबंधित जानकारी प्रदाय करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कार्यालयीन समय के मध्य कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 0788 2296212 पर संपर्क कर इससे संबंधित जानकारी ले सकते है।

कलेक्टर के टास्क को पूरा करने अधिकारी जुटे

रिसाली/ नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के टास्क को पूरा करने निगम आयुक्त आशीष देवांगन अपनी टीम समेत रूआबांधा साप्ताहिक बाजार पहुंचे। वे देर रात तक बाजार को सड़क से हटाने कवायद करते रहे। बाद में स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से छटाई के बाद बिखरे सब्जी-भाजी को मवेशियों के लिए गौठान पहुंचवाया।

गौठान में रखने वाले मवेशियों के लिए चारा की समस्या न हो इसके लिए निगम प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत प्रत्येक साप्ताहिक बाजार और हाट से सफाई कामगार छटाई के बाद बाजार स्थल पर बिखरे सब्जी-भाजी को एकत्र कर गौठान पहुंचा रहे हैं।

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि शनिवार को रूआबांधा मंगलवार को टंकी मरोदा गुरूवार व रविवार को स्टेशन मरोदा समेत प्रत्येक सुबह रिसाली में लगने वाले हाट से छटाई वाले साग-भाजी एकत्रित कर गौठान पहुंचाया जाए। बाजार विजिट के दौरान नोडल अधिकारी रमाकांत साहू कार्यपालन अभियंता सुशील बाबरए राजस्व अधिकारी हरचरण सिंह अरोरा प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

रूआबांधा बाजार के दिन मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम को मुक्त करने कलेक्टर ने रिसाली निगम को टास्क दिया है। निगम के अधिकारी आयुक्त के निर्देश पर लगातार ठेला व पसरा लगाने वालों को समझाईश दे रहे है। इसके बाद भी कुछ फल विक्रेता जान बूझकर सड़क किनारे ठेला लगा लिया था। जिनसे 200-200 जुर्माना वसूला गया।

यातायात विभाग से चर्चा

आयुक्त ने दे रात तक बाजार क्षेत्र का स्थल निरीक्षण करते रहें। उन्होंने फल विक्रेताओं को एक जगह ठेला लगाने के लिए डस्ट डालकर जमीन समतलीकरण करने निर्देश दिए। वहीं पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था के लिए अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने कहा। सड़क पर खड़ी वाहनों को हटाने व व्यवस्थित कराने आयुक्त ने यातायात विभाग से चर्चा भी की।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चेलेश्वर प्रसाद आ. स्व. देवप्रसाद निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 386 रकबा 0.02 हें भूमि जो कि आवेदक के पिता देवप्रसाद आ. सोनूराम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी देवप्रसाद पिता सोनूराम की मृत्यु 26.01.2019 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका बिन्दु देवी आ./पति अमित चौधरी साकिन खुर्सीपार भिलाई के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 813/1 रकबा 1306/8 वर्गफीट हे. भूमि भूखनलाल आ. लेखराम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.10.2021 को उपहार प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 21.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्किल दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत आवेदिकागण पुष्पा सिंह बेवा अनिल, सानिध्य सिंह पिता स्व. अनिल विरुद्ध राजेश कुमार पिता स्व. माधो सिंह दोनो निवासी ग्राम व पो. चौकी थाना मचांदुर उतई थाना तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदकगण, अनावेदकगण की पुस्तैनी संपत्त ग्राम मचांदुर प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में खसरा नंबर 666 रकबा 0.0300 हे. खसरा नं. 675 रकबा 3.2900 हे. खसरा नं. 812 रकबा 0.0700 हे. खसरा नं. 1070/1 रकबा 0.0700 ख.नं. 1189 रकबा 0.0200 हे. ख.नं. 1190/1 रकबा 0.7130 हे. ख.नं. 1208 रकबा 0.8640 हे. कुल खसरा नं. 07 कुल रकबा 5.0570 हे. लगान 16.25 रु. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार दुर्गा सिंह की मृत्यु दिनांक 25.12.2019 दुर्गा सिंह की पत्नि राजेश्वरी की मृत्यु दिनांक 15.09.2020 को हो गए है, जिसकी विधिक वारिसान विपिन सिंह, फलेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, मनोरमा, सीमा है। सानिध्य सिंह की जन्म तारिख 03.05.1998 है। राजस्व अभिलेख में नाबा. दर्ज है विलोपित हो, दुर्गा सिंह खातेदार की मृत्यु दिनांक 25.12.2019 दुर्गा सिंह की पत्नी राजेश्वरी की मृत्यु 15.09.2020 को हो गए है जिसके विधिक वारिसान विपिन सिंह, फलेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, मनोरमा, सीमा फौती दर्ज करने एवं नाबा. को बालिग किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका शकुंतला साहू आ./पति राजेश प्रसाद साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 553 रकबा 0.200 हे. भूमि गैदराम पिता स्व. विशाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.09.2021 को उपहार प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 21.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20210910070326

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओंकार वगै. पिता रामबगस ढीमर निवासी ग्राम चण्डी मंदिर के पास तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 681/1 का टु. रकबा 0.005 हे. भूमि को विक्रेता बंशीलाल पिता झडुवा प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम कायस्तपारा दुर्ग रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.11.1978 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20210910070218

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष कुमार बघेल पिता स्वराज प्रसाद बघेल निवासी ग्राम पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/3 रकबा 500 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता देवकी पति स्व. जगतराम निवासी ग्राम कदम प्लाजा के सामने बोरसी दुर्ग रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20210910070332

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती एकता शर्मा पति सिद्धार्थ शर्मा निवासी ग्राम कादम्बरी नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 247/51 रकबा 1000 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता श्री विजय कुमार जैन पिता कस्तुरचंद जैन निवासी ग्राम वैशाली नगर भिलाई रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20210910070331

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भुनेश्वर प्रसाद पिता स्व. पुजेरी निवासी ग्राम परसदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/328, 768/515 रकबा 0.0090, 0.0110 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 06.09.2021 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20210910070288

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ब्रजेन्द्र त्रिपाठी पिता स्व. गुरुप्रकाश त्रिपाठी निवासी ग्राम प्रथम बटालियन तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 45/84 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार गुरुप्रकाश त्रिपाठी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन कुमार साबू पिता स्व. रामरतन साबू निवासी ग्राम गंजपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250/3 रकबा 0.0280 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सावित्री बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनित अग्रवाल पिता स्व. कृष्णकांत अग्रवाल निवासी सुभाषनगर कसारीडीह दुर्ग मौजा बिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1849/1, 1851, 1857 रकबा 0.070, 0.180, 0.110 हे. के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 24.04.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्किल दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शम्मी कपूर ईश्दा पिता श्री उमेदी राम ईश्दा जाति हल्बा, सम्पतलाल पिता स्व. सुखदेव जाति हल्बा निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा नंबर 870/4 का टु. रकबा 0.028 हे. याने 3000 वर्गफीट जमीन स्थित है। विक्रेता मनोज अग्रवाल आ. स्व. रोशनलाल अग्रवाल से 1170000 रु. में क्रय कर स्टाम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क अदाकर क्रेतागण शम्मी कपूर ईश्दा वगै. के नाम पर ग्रंथ क्रमांक 33568 दस्तावेज क्रमांक 1894 पृष्ठ क्रमांक 340 से 358 दिनांक 11.07.2017 को उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग में पंजीकृत किया गया है उक्त रजिस्ट्री पंजीयन में त्रुटिवश खसरा नं. गलत टंकण हुआ है जिसके सुधार हेतु सुधारनामा उपपंजीयक के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किया गया पूर्व खसरा नं. 870/4 का टु. सुधारकर खसरा नं. 870/7 का टु. लिया गया है। पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 20210910100108

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- जेरी जोसेफ
अनावेदक पक्षकार- जाय जोसेफ

आवेदक जेरी जोसेफ पिता जाय जोसेफ निवासी बबादीप सिंह नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 5456 रकबा 0.0200 हे. 2400 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर दानकर्ता जाय जोसेफ पिता स्व. पी.सी. जोसेफ निवासी बबादीप सिंह नगर कोहका भिलाई उपहार प्राप्त किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सरस्वती देवी देवांगन पति शम्भू प्रसाद देवांगन पता- बी/1/16 चौहान टाउन जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की रहने वाली हूं। कि मेरी पक्षकारा का वास्तविक नाम सरस्वती देवांगन पति शम्भू प्रसाद देवांगन है। परंतु कई दस्तावेजों में सरस्वती देवी लिखा है वही सही नहीं है। इसलिए भविष्य में मेरी पक्षकारा को सरस्वती देवांगन के नाम से जानी व पहचानी जावें। मेरी पक्षकारा सरस्वती देवांगन के नाम से हस्ताक्षर करती व कार्य करती है। तद्नुसार यह सूचना सर्व जनता के लिए प्रकाशित किया जाता है।

शपथकर्ता
अमर चोपड़ा
अधिवक्ता
एच 7 आदर्शनगर दुर्ग
मो. 9827113412

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र./93/अ-06/वर्ष 2020-21

प्रति,
रसदीप सिंह खुराना पिता चरण सिंह खुराना, निवासी 3/4 प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.
पक्षकार- बनवाली राम वर्मा पिता मूलचंद वर्मा निवासी 171 अलिवारा मुसरा तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग.
अनावेदक- गुरमीत कौर खुराना पिता स्व. गुरुवचन सिंह

आपको सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बनवाली राम वर्मा पिता मूलचंद वर्मा निवासी 171 अलिवारा मुसरा तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 730/2/4 रकबा 0.007 हें. 765 वर्गफीट भूमि को गुरमीत कौर खुराना पिता स्व. गुरुवचन सिंह के आम मुख्तयार रसदीप सिंह खुराना निवासी भिलाई से पंजीकृत बिक्री पत्र द्वारा क्रय किए जाने पर नामांतरण किए जाने बाबत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 30.09.2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती मिस श्रुतिका प्रविण सावले Shrutika Pravin Sawle पिता श्री प्रविण सावले Pravin Sawle उम्र 24 निवासी फ्लेट नम्बर 53 सूर्या टावर 2 बी, सूर्या विहार सूर्या टीआई मॉल के पास नेहरुनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि मेरा नाम श्रुतिका प्रविण सावले है तथा मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम श्रुतिका प्रविण सावले Shrutika Pravin Sawle दर्ज है। जो कि गलत है, मेरा सही नाम श्रुतिका प्रविण सावले Shrutika Pravin Sawle है, जो कि मेरे पासपोर्ट में सही नाम दर्ज करने हेतु ये शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती
Shrutika Pravin Sawle

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री निलकंठ	20210910040334

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री निलकंठ आ. श्री भोलाराम देशमुख निवासी रिसाली वार्ड 61 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	595/2	0.070 हें 7497 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 20210910100144

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
जामुल प.ह.न. 00018 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- कृष्ण कुमार यादव
अनावेदक पक्षकार-

आवेदक श्री कृष्ण कुमार यादव पिता पवन कुमार यादव निवासी सुभाष नगर जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.न. 18 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1057/8 कुल रकबा 0.032 हे. मे से रकबा 0.010 हे. 1120 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड उपहार शुदा के आधार पर उपहारकर्ता श्रीमती शकुन यादव पति पवन कुमार यादव निवासी सुभाष नगर जामुल से उपहार प्राप्त किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 20210910100113

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती रेखा मिश्रा
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदिका श्रीमती रेखा मिश्र पति अरविन्द मिश्रा निवासी सेक्टर-4 बिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1363/1 रकबा 0.024 हे. मे से रकबा 1320 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता विद्या सागर मिश्रा पिता स्व. वासुदेव मिश्रा क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

अध्यक्ष (मुखी) पद पर विशाल कुकरेजा, प्रशांत गावरी चुने गए युवा विंग अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज के वरिष्ठगणों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी ने अपनी सहमति प्रदान कर यह निर्णय लिया कि युवा समाज सेवी विशाल कुकरेजा को पूज्य सिंधी पंचायत अमलीडीह के अध्यक्ष (मुखी) पद पर चुना गया एवं सर्व सहमति से युवा विंग के अध्यक्ष पद पर समाज सेवी प्रशांत राज गावरी को चुना गया। बैठक में सिंधी समाज के किशन शर्मा (महाराज), शंकरलाल वरनदानी, कैलाश चंदनानी, विष्णु सचदेव, राजकुमार भाटिया, अमरलाल जादवानी, संतोष लोहाना, अजीत चावला, मुरली आसवानी, नरेश नागदेव, मुरली गावरी, ताराचंद मेघजानी, सुरेश टहल्याणी, योगेश भाटिया, पवन हबलानी, निर्मल बसंतवानी, सोहन बजाज, अनिल नागवानी, कैलाश चंदनानी, विष्णु सचदेव, राजकुमार भाटिया, अमरलाल जादवानी, संतोष लोहाना, अजीत चावला, मुरली आसवानी, नरेश नागदेव, मुरली गावरी, ताराचंद मेघजानी, सुरेश टहल्याणी, योगेश भाटिया, पवन हबलानी, निर्मल बसंतवानी, सोहन बजाज, अनिल नागवानी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने राजा राममोहन राय की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत, क्रांतिकारी समाज सुधारक, विचारक, शिक्षाविद राजा राममोहन राय को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है । श्री बघेल ने कहा है कि राजा राम मोहन राय ने समाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास का पुरजोर विरोध किया । उन्होंने समाज में महिलाओं की दशा सुधारने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई प्रयास किये। उनकी आवाज से भारत ने आधुनिकता की राह पकड़ी। उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।



महिला सरपंच को फोन कर दी गाली गलौच, युवक पर मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। महिला के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल करके अश्लील शब्द का उपयोग कर गाली -गलौच किया। मामले की शिकायत मुजगहन थाने में दर्ज करायी गई है। ग्राम मुण्डरा मुजगहन रायपुर निवासी शकुनतला बांधे 47 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह मुण्डरा ग्राम पंचायत की सरपंच है 26 सितंबर को पैदल घर आ रही थी तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर कॉल करके अशब्द भाषा का उपयोग कर गाली-गलौच किया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल फोन क्रमांक 9074715313 के धारक के खिलाफ धारा 507 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ला आज पत्रकारवार्ता को करेंगे संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला आज मंगलवार को दोपहर 3.50 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा दिल्ली से रायपुर पहुंचेगे और शाम 5 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला 29 सितंबर 2021 बुधवार को दोपहर 12.10 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सूने मकान का गेट के अंदर रखा पानी टंकी की लोहे का ढक्कन तथा कापर वायर चोरी कर लेने की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज करायी गई है। सेक्टर 2 देवेन्द्रनगर निवासी डां अनिल खाखरिया ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि उसके मकान का लाईट कट जाने की वजह से पुरानी बस स्टैण्ड में रह रहे है। 25 सितंबर को शाम करीब 5 बजे आकर देखा तो कोई अज्ञात चोर मकान के प्रमुख गेट से कुदकर मकान के अंदर कार पार्किंग में रखे तीन नग लोहे का पानी टंकी का ढक्कन, सक्शन मशीन का कट आउट जिसमें तांबा लगा रहता है एवं पुराना एसी का कापर वायर जुमला कीमती 20 हजार रुपए का सामान को चोरी कर ले गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर विद्युत दुर्घटना में मृतक कर्मचारी के परिजनों को दिया गया 15 लाख का मुआवजा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर रायपुर के रावणभाठा उपकेंद्र में 25 सितम्बर को हुई दुर्घटना में मृतक कर्मचारी राम पटेल के परिजनों को मुआवजा राशि का तत्काल भुगतान कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने 15 लाख रूपए का चेक परिजनों को सौंपा है। साथ ही परिवार के एक आश्रित सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति (संविदा) हेतु लिखित पत्र भी विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना में मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा तथा आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति (संविदा) के निर्देश विद्युत मंडल के अधिकारियों को दिये थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई पूरी करते हुए चेक जारी किया और उच्च अधिकारियों ने परिजनों को चेक सौंपा। मृतक के परिजनों ने कहा है कि किसे नियुक्ति दी जावे इस हेतु परिवार में चर्चा कर सूचित करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रहित में परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे : डॉ. रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर प्रसंशा की है। डा. सिंह ने कहा कि श्री मोदी राष्ट्रहित में परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। वे सच्चे कर्मयोगी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के अपने व्यस्त दौरे के बाद तुरंत नये संसद भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने में जुट गये। उनकी ऊर्जा प्रेरणा देती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सिंह ने अपने अन्य एक ट्वीट में कहा कि 3 साल पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर पंडित जी को समर्पित आयुष्मान भारत योजना पूरे देश में शुरू हुई थी, वहीं आज से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भी पूरे देश में शुरू किया जा रहा है, जिसकी मुझे बहुत खुशी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में टेलिमेडिसीन का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। ई-संजीवनी के माध्यम से अब तक लगभग सवा करोड़ रिमोट कंसल्टेशन पूरे हो चुके है। ये सुविधा हर रोज देश के दूर-सुदूर में रहने वाले हजारों देशवासियों को घर बैठे ही शहरों के बड़े अस्पतालों के डाक्टरों से कनेक्ट कर रही है।

जशपुर कांड के बाद सीएम बघेल का फरमान

सीएम भूपेश ने जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर की घटना से काफी खफा हैं। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को शासकीय छात्रावासों के निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित अन्य वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के कड़े निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निरीक्षणकर्ता अधिकारी छात्रावास में रहने वाले बच्चों से बातचीत कर छात्रावास में संचालित गतिविधियों से संबंधित फीडबैक लेकर रिपोर्ट में प्रस्तुत करने भी कहा गया है।

■ **कलेक्टर-एसपी करें सरकारी हॉस्टल का रैंडम चेकिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के छात्रावास में घटी अप्रिय घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिले के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को अपने जिले के अंतर्गत समस्त छात्रावासों के समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

दरअसल,बीते दिनों जशपुर के समर्थ दिव्यांग छात्रावास में हुए अनाचार को लेकर प्रदेश में सियासत चरम पर है। वहीं सरकार ने भी घटना के बाद अधिकारी और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि 22 सितंबर को जशपुर के समर्थ दिव्यांग केंद्र का केयर टेकर राजेश राम और चौकीदार नरेंद्र भगत शराब के नशे में धुत थे। दोनों ने मूक-बधिर बच्चों से मारपीट और अश्लील हरकतें की थी। मामलें में चौकीदार नरेंद्र पर एक 15 साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के आलावा पांच अन्य बच्चियों से यौन उत्पीड़न की बात भी सामने आई है। हालांकि इस मामलें में पुलिस जाँच कर रही है।

त्वरित कार्रवाई के निर्देश

सीएम भूपेश ने कहा कि निरीक्षण में यदि शासकीय छात्रावासों में कार्यरत किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही करते हुए पाया जाता है या अनैतिक गतिविधियो में संलिप्तता पाई जाती है, तो सम्बन्धित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन/एफआईआर आदि की त्वरित कार्रवाई की जानी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले या अनैतिक गतिविधियो में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई सुनिश्चित की जाए जिससे अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जशपुर घटना के बाद विपक्ष हावी हो रहा था, इसके बाद सीएम ने ये एक्शन लिया।

बीजापुर के दुर्गम क्षेत्रों में अब आसानी से बनेंगे आधार कार्ड

रायपुर/बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बस्तर अंचल के बीजापुर जिले में ग्रामीणों के लिए आधार कार्ड बनाने हेतु विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और चिप्स के द्वारा ग्रामीणों को आधार कार्ड तेजी से उपलब्ध कराने के लिए 40 आपरेटरों की नियुक्ति की गई है।

चिप्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि बीजापुर जिले के अनेक दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों के पास आधार कार्ड नहीं होने के कारण अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में कठिनाईयां आ रही थी। ग्रामीणों को अधार कार्ड बनाने के लिए जगदलपुर अथवा तेलंगाना के वारंगल जिले में जाना पड़ता था। जिला प्रशासन और चिप्स के द्वारा ग्रामीणों की इस समस्या के निराकरण के लिए आधार कार्ड बनाने के लिए आपरेटरों की नियुक्ति की गई है।

बीजापुर कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बताया कि नए आपरेटरों की भर्ती के बाद बीजापुर के दुर्गम क्षेत्रों आकलंका, पिनकोंडा, पोंदूम, बड़ेतुंगली, मिरतुर, कुटरु, गोमला, मनकेली, रेड्डी, गंगालूर, चेरपाल, बासागुड़ा, तारलागुड़ा, बारेगुड़ा व संड्रा में आधार कार्ड तैयार कराने का काम आसानी से हो सकेगा। इन स्थानों पर आधार कार्ड बनाने के लिए आपरेटरों को कंप्यूटर सिस्टम एवं आधार किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

महिला से फेसबुक में दोस्ती, ऐंठे 3 लाख रुपए, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडी नगर में एक 52 साल की शादीशुदा महिला को फेसबुक पर युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। युवक ने कई महीनों तक महिला से फेसबुक में चैटिंग की। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं, तो युवक रायपुर आ गया। महिला ने उससे मुलाकात की। महिला ने युवक को फोन भी गिफ्ट कर दिया। इसके बाद अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर युवक ने तीन लाख रुपए ऐंठ लिए। पैसे लेने के बाद महिला की बेटी और दामाद को तस्वीरें भेज दीं। यह जानकारी जब स्वजनों को लगी तो महिला ने थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपित युवक से वो बीते तीन सालों से फेसबुक पर बातें कर रही थी। आरोपित युवक सूरज चौरसिया अहमदाबाद का रहने वाला है। दोनों के बीच काफी दिनों तक बात होने लगी। युवक ने अपनी मीठी बातों में महिला को फंसा लिया। लाकडाउन में सूरज की नौकरी चली गई थी। ऐसे में उसने महिला से नौकरी लगवाने की मांग की और रायपुर में मिलने आ गया। इसके बाद महिला ने सूरज का रायपुर में रहने का इंतजाम करा दिया और नौकरी लगवाने की कोशिश करती रही। इस दौरान महिला भी सूरज से मिलने लगी। 18 जुलाई को युवक ने महिला को काल किया और पैसे मांगे। महिला ने आनाकानी की तो युवक ने कह दिया कि अगर पैसे नहीं दिए तो वो उसे बदनाम कर देगा। युवक ने एक मोबाइल फोन भी मांगा। महिला ने दावा किया कि डरकर उसकी ये मांग पूरी कर दी। इसके बाद रायपुर से अहमदाबाद चला गया। सूरज ने 20 अगस्त को फिर से महिला को फोन किया और कहा कि उसे पैसे दे, वरना वह महिला की अश्लील तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल कर देगा। उसके रिश्तेदारों को भी भेज देगा। महिला ने इसके बाद तीन लाख रुपये युवक को फोन पे के जरिए भेजे। इसके बाद भी महिला की अश्लील तस्वीरें उसकी बेटी और दामाद को भेज दीं।

50 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संरचनाओं का हो रहा निर्माण

■ **वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में 12.69 लाख हेक्टेयर भूमि के उपचार का मिलेगा लाभ**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के वनांचल में नरवा विकास योजना के तहत काफी तादाद में कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के तहत प्रदेश के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 के भाग- एक तथा दो के तहत अब तक 30 लाख 60 हजार भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 20 लाख 20 हजार संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि भू-जल संरक्षण संबंधी इन संरचनाओं के निर्माण से 12 लाख 69 हजार हेक्टेयर भूमि के उपचार का लाभ मिलेगा।

राज्य में कैम्पा मद के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 160 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि से 1 हजार 829 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में भू-जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इन संरचनाओं के पूर्ण होने पर 4 लाख 84 हजार 281 हेक्टेयर भूमि उपचारित होगी। इसी तरह वर्ष 2020-21 भाग- एक तथा दो के अंतर्गत 398 करोड़ 29 लाख रूपए की राशि से 4 हजार 160 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। इनके निर्माण से 7 लाख 85 हजार 146 भूमि उपचारित होगी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इनमें वन वृत्तवार वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 भाग- एक तथा दो के अंतर्गत दुर्ग में 505 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 4 लाख 28 हजार 521 तथा बिलासपुर में 1517 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 14 लाख 75 हजार 341 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है।

इसी तरह वन वृत्त रायपुर में 847 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 4 लाख 89 हजार 449, जगदलपुर में 617 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 8 लाख 16 हजार 689, सरगुजा में 1140 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 9 लाख 96 हजार 494 तथा वन वृत्त कांकेर के अंतर्गत 816 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 4 लाख 73 हजार 790 एवं वन प्राणी वृत्त के अंतर्गत 547 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 4 लाख 00 हजार 312 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है।

इस संबंध में कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इसके तहत वन क्षेत्रों में स्थित नालों में भू-जल संरक्षण कार्यों के लिए लूज बोल्डर चेकडेम, बोल्डर चेकडेम, ब्रशवुड चेकडेम, कंटूर ट्रेंच, गल्ली प्लग, परकोलेशन टैंक, अर्दन डेम, चेकडेम, एनीकट, स्टापडेम, डाइक, अंडरग्राउंड डाइक तथा गेबियन आदि संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इससे एक ओर वन भूमि के क्षरण को रोका जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जल भण्डार में वृद्धि की जा सकेगी। इसके साथ ही वनों के आसपास के ग्रामीणों तथा कृषकों को पेयजल एवं सिंचाई के साधन विकसित करने में भी काफी मदद मिलेगी।

कलाकारों और साहित्यकारों ने संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से की मुलाकात

■ **पेंशन के लिए आय-सीमा में बढ़ोत्तरी पर जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से रविवार को छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों और साहित्यकारों ने सौजन्य मुलकात की। कलाकारों और साहित्यकारों ने संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों और साहित्यकारों को दिए जाने वाले पेंशन योजना के लिए आय-सीमा में बढ़ोत्तरी किए जाने पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। साथ ही राज्य के कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों, टेक्नीशियनों व छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए छत्तीसगढ़ फिल्म नीति 2021 के लिये भी कलाकारों ने मंत्री भगत को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि संस्कृति विभाग द्वारा आर्थिक सहायता (पेंशन) योजना के तहत वर्ष 2007 से 60 वर्ष से अधिक एवं ख्यातिप्राप्त तथा आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों व साहित्यकारों को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए पहले आय-सीमा परिवार के अकेले सदस्य के लिए 14 हजार 400 रूपए, दो सदस्यों के लिए 18 हजार रूपए तथा तीन या तीन से अधिक सदस्यों के लिए 24 हजार रूपए निर्धारित था, जिसे राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल और संस्कृति मंत्री के मार्गदर्शन में आय-सीमा में पांच गुणा बढ़ोत्तरी करते हुए परिवार के एकल सदस्य के लिए 72 हजार रूपए, दो सदस्यों के लिए एक लाख 44 हजार रूपए और तीन या तीन से अधिक सदस्यों के लिए दो लाख 16 हजार रूपए कर दिया है। इससे प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा कलाकारों और साहित्यकारों को इसका लाभ मिल सकेगा। कलाकार और साहित्यकारों में सर्वश्री अजय अग्रवाल, दिलीप षडंगी, प्रशांत ठाकर, तारिक खान, रियाज भाई और कुमार पंडित सहित अनेक साहित्यकार एवं कलाकार शामिल थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 29 तक

रायपुर//नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर वीडियो प्रतियोगिता आयोजन किया गया है इस प्रतियोगिता का विषय महात्मा गांधी को किसने मारा और क्यों मारा इसको लेकर पूरे देश भर में एनएसयूआई ने वीडियो प्रतियोगिता आयोजन की है छत्तीसगढ़ में भी इसको लेकर गूगल फॉर्म के माध्यम से छात्रों का पंजीकरण कराया जा रहा है अभी तक 25 सौ से अधिक छात्रों ने इसमें पंजीकृत कर लिया है और अनुमानित है कि 30000 से अधिक छात्र इसमें पंजीकरण करेंगे पंजीकरण की तिथि 23 तारीख से 29 तारीख तक की रखी गई है उसके पश्चात पंजीकृत किए हुए सभी लोगो को अपना वीडियो अपलोड करना होगा उसके बाद एनएसयूआई 3 तारीख को इसके विजेता की घोषणा करेगी।

इसमें भाग लेने वाले सभी छात्रों को हर प्रदेश में तीन स्थानों में पुरस्कृत किया जाएगा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रथम पुरस्कार की राशि 11000 रखी गई है द्वितीय पुरस्कार की राशि 5000 एवं तिथि पुरस्कार की राशि 3000 रखी गई है

मीडिया विभाग के प्रमुख तुषार गुहा ने बताया प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर आज प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हमने इस प्रतियोगिता ÷महात्मा गांधी को किसने मारा और क्यों मारा÷ के पोस्टर का विमोचन किया और इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के छात्रों द्वारा बेहद उत्साहित तरीके से पंजीकरण कराया जा रहा है हमने लगभग 48 घंटे के भीतर 25 सौ से अधिक लोगों का पंजीकरण कर लिया है और हमें विश्वास है कि इसमें हम 30,000 से अधिक छात्रों को पंजीकरण करा लेंगे साथ ही साथ इस को लेकर छात्रों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने भी सोशल मीडिया पर युवा और छात्रों से आवाहन किया कि इस प्रतियोगिता में जुड़े और अपने विचारों को वीडियो के माध्यम से देशवासियों के सामने साझा करें।।

इस विमोचन कार्य में मुख्य रूप से मीडिया विभाग के चेयरमैन तुषार गुहा प्रदेश प्रवक्ता सौरभ सोनकर विधानसभा अध्यक्ष केशव सिन्हा संभाग प्रवक्ता शाहिद खान एवं कार्यालय प्रभारी अजय साहू उपस्थित थे।

आरोप | **ग्रामीणों की शिकायत पर नियमानुसार हुई थी कार्यवाही, मारपीट-अभद्रता का आरोप तथ्यहीन**

वन विभाग ने 22 पंडों के घर तोड़ने की खबर को बताया निराधार

बलरामपुर/रायपुर/नवप्रदेश। 26 सितंबर को एक दैनिक अखबार में 'मुर्गे, बकरे नहीं दिए तो अफसरों ने तुड़वा दिए पंडो परिवार के 22 घर' शीर्षक से प्रकाशित हुई खबर को वन विभाग ने निराधार बताते हुए विज्ञप्ति जारी किया। विभाग का कहना है कि प्रकाशित खबर मे पंडो जनजाति समुदाय के लोगों से अभद्रता और मारपीट का उल्लेख किया गया है।

संयुक्त वनमण्डलाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार बीट गार्ड विरेंद्रनगर को ग्रामीणों के द्वारा अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। उसके बाद वनपरिक्षेत्राधिकारी ने 19 वनकर्मियों के दल को अतिक्रमण रोकने और आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भेजा था। उक्त टीम के साथ-साथ ग्राम विरेंद्रनगर के 30 से 35 लोग उपस्थित थे।

संरक्षित वन के भीतर विकासखंड वाड्रफनगर के बैकुंठपुर निवासी रामजन्म यादव के द्वारा कच्चे दीवार से बने एक कमरे को खपरे से छाकर अवैध अतिक्रमण किया गया था तथा बैकुंठपुर के बालेश्वर के साथ ही अन्य 20 व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण के उद्देश्य से बल्ली व खूंटे से झाला बनाया गया था और उसके ऊपर प्लास्टिक की पन्नी लगायी गई थी।

वन अमले द्वारा विरेंद्रनगर नगर के लोगों के समक्ष अतिक्रमण हटाने के लिए समझाया और आपसी समझौते से अतिक्रमण हटा भी लिया गया।

उक्त अतिक्रमणा एक माह पुराना है तथा शिकायत के आधार पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 16854 व 16855 जारी किया गया था। जिस संबंध में वनपरिक्षेत्राधिकारी वाड्रफनगर के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया।

अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान किसी भी प्रकार की अभद्रता, गाली-गलौज मारपीट नहीं की गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान पर्याप्त संख्या में पुरुष व महिला वनकर्मी उपस्थित थे। कार्यवाही के पश्चात रामजन्म यादव के द्वारा भोले भाले पंडो जाति के लोंगो को बरगला कर अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं ताकि अन्य लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया जा सके।

प्रकरण की समीक्षा में दो प्रमुख तथ्य सामने आये हैं जिसमें संरक्षित वन कक्ष क्रमांक पी0 836 एवं पी0 840 के अतिक्रमण स्थल का जीपीएस कोऑडिनेट लेकर वर्षवार मिलान किया गया। जिसमें वर्ष 2004, 2012 तथा 2017 के मैप में कही भी उक्त कक्षों में कही भी अतिक्रमण व कब्जा दिखाई नहीं दे रहा है।

इससे स्पष्ट है कि उक्त दोनों कक्षों में किया गया अतिक्रमण नया है। साथ ही जांच में एक अन्य तथ्य सामने आया जिसमें कि उक्त अतिक्रमकों का स्वयं का भवन बैकुण्ठपुर में है तथा वे अतिक्रमित वनभूमि पर जीविकोपार्जन हेतु आश्रित नहीं है।

संपादकीय

आयुष्मान भारत मिशन का विस्तार

देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और सर्व सुलभ बनाकर गरीब तबके के लागों को समुचित उपचार सुलभ कराने के लिए केन्द्र सरकार ने तीन साल पहले आयुषमान भारत मिशन की शुरूआत की थी जिसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को पांच लाख रूपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा सुलभ कराई जा रही है। इसके तहत तीन सालों में लगभग 2 करोड़ लोगों का खर्चीला उपचार किया गया है। इस योजना के तहत एपीएल परिवारों को पाचास हजार रूपए तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। अब आयुषमान भारत मिशन का विस्तार किया गया है। विश्व पर्यटन दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुषमान भारत डिजिटल मिशन का शुभारंभ किया है जो चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई क्रांती है। अब प्रत्येक व्यक्ति का एक हेल्थ कार्ड बनेगा जिसके जरिए वह देश के किसी कोने में किसी भी अस्पताल में अपना उपचार करा सकेगा। प्रत्येक व्यक्ति की हेल्थ आईडी बन जाने से उसकी बीमारी संबंधी सारी जानकारी अब चिकित्सकों को सहजता पूर्वक सुलभ हो जाएगी। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी संबंधी केस हिस्ट्री फाईल रखने की जहमत से भी छुटकारा मिल जाएगा। निश्चित रूप से यह योजना स्वागत योग्य है। इससे मरीजों और डॉक्टरों का समय बचेगा और गंभीर रोग से ग्रसित लोगों को किसी भी अस्पताल में न सिर्फ त्वरित उपचार मिल पाएगा बल्कि वे मरीज अब देश के नामी गिरामी विशेष चिकित्सकों से परामर्श भी ले पाएंगे। चिकित्सा क्षेत्र में अत्याधुनिक टेक्नालाजी का उपयोग बढ़ाना वक्त का तकाजा है। यह किसी कदर उपयोगी सिद्ध हो रहा है यह इसी से समझा जा सकता है कि कोरोना काल में आरोग्य सेतू एप लांच किया गया था जो कोरोना के खिलाफ भारत की जंग में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसी तरह आयुषमान भारत डिजिटल मिशन भी गरीब मरीजों के लिए वरदान बनेगा।

विचार

घटती आजादी के दौर में इंटरनेट

तकरीबन 31 साल पहले मानव सभ्यता ने संवाद का एक नया माध्यम हासिल किया था। संवाद का हर नया माध्यम न सिर्फअभिव्यक्ति के नए रास्ते खोलता है, बल्कि ज्ञान-विज्ञान को भी नए पड़ाव तक ले जाता है। इन सारे दबावों के बीच लोग भी बदलते हैं और समाज भी पूरी तरह बदल जाते हैं। कई बार तो इतना बदल जाते हैं कि फर्क जमीन-आसमान का हो जाता है। अतीत में जाकर उस समाज को देखिए, जिसमें भाषा का विकास नहीं हुआ था और उसकी तुलना उस समाज से कीजिए, जिसमें भाषा का विकास हो गया था, अंतर बहुत साफ नजर आएगा। लगेगा कि जैसे दोनों दो अलग ग्रह के वासी हैं।

कुछ इसी तरह का बदलाव तीन दशक पहले इंटरनेट ने हमारी झोली में डाला था, जिसने इस दरम्यान हमारी जमीन और हमारे आसमान को पूरी तरह बदल दिया। जब हमने भाषा का विकास किया, या जब हमने लिखना शुरू किया, या जब छापेखाने ने पूरी दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी, या जब रेडियो, टीवी और टेलीफोन जैसे संवाद के माध्यम हमारे बीच आए, कभी भी बदलाव इतनी तेजी से हमारे घरों और दिल-ओ-दिमाग में नहीं घुसा, जितना पिछले 30 साल में तकरीबन हर जगह घुसपैठ कर गया है। एक फर्क यह भी रहा कि बाकी ज्यादातर माध्यम भूगोल या रेडियो तरंगों की सीमाओं से बंधे थे, लेकिन इंटरनेट के इस नए माध्यम ने पुरानी बाधाओं को पार करते हुए पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ दिया। ये फर्क अपनी जगह हैं, लेकिन सबसे बड़ा फर्क कुछ और था, जो उस दौर में एक बड़ी उम्मीद बंधा रहा था। यह माध्यम उस दौर में आया, जब आजादी और खासकर अभिव्यक्ति की आजादी एक बड़ा मूल्य बनती जा रही थी। तानाशाही खत्म हो रही थी और लोकतंत्र का विस्तार हो रहा था। बर्लिन की दीवार टूट चुकी थी और चीन को छोड़कर बाकी साम्यवादी देशों में सर्वहारा की कथित तानाशाही या तो विदा हो चुकी थी या अंतिम सांसें गिन रही थी। ऐसे देश, जिनमें लोकतंत्र है, उनकी संख्या अचानक ही बढ़ने लगी थी। इसी माहौल ने अमेरिका के एक राजनीतिशास्त्री फ्रांसिस फुक्रुयामा को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने इतिहास के अंत की घोषणा कर दी। द एंड ऑफ हिस्ट्री ऐंड द लास्ट मैन नाम की उनकी किताब की सबसे ज्यादा आलोचना उसके शीर्षक को लेकर ही हुई थी। हालांकि, इसमें उन्होंने जो कहा था, वह उस समय बहुत से लोगों को सच लगता था। उन्हें लग रहा था कि मानव सभ्यता अब अपने वैचारिक विकास के शिखर पर पहुंच चुकी है। धीरे-धीरे लोकतंत्र पूरी दुनिया में पहुंचेगा और सभी देश इसी की परंपराओं से चलेंगे। मगर 30 साल में दुनिया कहां पहुंच गई, इसकी चर्चा हम बाद में करेंगे, फिलहाल बात इंटरनेट की। उस समय उम्मीद यह थी कि एक ऐसा मंच तैयार हो गया है, जो पूरी दुनिया के लोगों को जोड़ेगा और इससे बहुत सी खाइयां पाटी जा सकेंगी। दिल्ली के वन बेडरूम में बैठा एक व्यक्ति जब लिस्बन, काहिरा और रियो डी जेनेरो के अनजान लोगों से जुड़ेगा, तब उसका नजरिया भी विस्तृत होगा।

उसकी सोच अपने पूर्वाग्रहों के तिनकों और फूस से लदे-फदे कबूतरखानों से बाहर निकलेगी, तो उसे एक नई विश्व दृष्टि भी मिलेगी। यह भी उम्मीद थी कि तानाशाही में गुजर-बसर करने वालों का संपर्क जब लोकतंत्र की जीवन-शैली जीने वालों से होगा, तो उनके अपने देश में लोकतंत्र कायम करने का दबाव बनेगा। इसी के कुछ बाद जब पश्चिम एशिया में वे आंदोलन दिखे, जिन्हें हम 'अरब स्प्रिंग' के नाम से जानते हैं, तो एकबारगी लगा कि यह सपना सच होकर ही मानेगा।

राजस्थान में साकार हुआ अतिथि देवो भव:

रमेश सर्राफ

> मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर सभी जिलों के जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया कि जिले के बाहर से आने वाले जो भी परीक्षार्थी है उनको किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसकी सीधी जिम्मेवारी जिला कलेक्टरों की होगी। सभी परीक्षार्थियों को निःशुल्क रहने व भोजन तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। परीक्षा के दिन प्रशासन द्वारा ऐसा किया भी गया। प्रदेश के सभी जिलों में लगातार तीन दिन तक जिला कलेक्टर अपने सभी मातहत अधिकारियों के साथ पूरी मुस्तैदी से रीट परीक्षा को सफल बनाने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दृढ़ फैसले का ही परिणाम है कि प्रदेश में पहली बार संपन्न हुई इतनी बड़ी परीक्षा बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्वक संपन्न हुई तथा परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुई राजस्थान पात्रता परीक्षा शिक्षक के लिए (रीट) का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ है। यह राजस्थान की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा थी। तीन साल बाद सम्पन्न इस परीक्षा के लिए 26 लाख से अधिक फार्म भरे गए थे। कुल 16 लाख से अधिक लोगों को इस परीक्षा में शामिल होना था। 13 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान को इसके लिए नोडल एजेंसी बनाया गया था। कोरोना के कारण यह परीक्षा एक साल से टाली जा रही थी। पिछले दिनो आयोजित हुयी बहुत सी परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण राजस्थान सरकार के समक्ष रीट की परीक्षा को संपन्न करवाना एक बहुत बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रीट परीक्षा के आयोजन को एक चुनौती के रूप में लेते हुए युद्ध स्तर पर इसकी तैयारियां करवाई। स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व मुख्य सचिव निरंजन आर्य रीट परीक्षा की तैयारियों की सीधे मॉनिटरिंग कर रहे थे। सरकार को परीक्षाओं में नकल करने की बड़ी शिकायतें मिल रही थी। इसको देखते हुए परीक्षा देने वालों के सेंटर स्वयं के जिलों से दूर अन्यत्र जिलों में किए गए थे। जिस कारण परीक्षार्थियों को आने जाने में बड़ी परेशानी महसूस हो रही थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए परीक्षार्थियों की सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही की। एक और राजस्थान परिवहन निगम की सभी बसें परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त चलाने की घोषणा कर दी। उसके साथ ही राज्य सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर सभी लोक परिवहन व अन्य निजी बसों का अधिग्रहण कर उनको भी बिना किराया चुकाई परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्रों पर लाने ले जाने के लिए निःशुल्क कर दिया। निजी बसों का पूरा भुगतान राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इतना ही नहीं दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क रहने व खाने की व्यवस्था भी सरकारी स्तर पर की गई।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर सभी जिलों के जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया कि जिले के बाहर से आने वाले जो भी परीक्षार्थी है उनको किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसकी



> रीट की परीक्षा में राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात सहित देश के अन्य कई प्रदेशों के परीक्षार्थी भी परीक्षा देने आए हुए थे। जिन को वास्तविक रूप में तो राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का भी ज्ञान नहीं था। मगर अपने परीक्षा केंद्रों वाले स्थानों पर पहुंचने के बाद उन्हें बिल्कुल भी इस बात की कमी महसूस नहीं हुई कि वह किसी दूसरे प्रांत में परीक्षा देने आए हुए हैं। जहां-जहां भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए वहां के लोगों ने पूरे समर्पण भाव से परीक्षार्थियों की सेवा को अपना कर्तव्य समझकर काम किया। जिस का ही परिणाम है कि आज राजस्थान में इतनी बड़ी परीक्षा बड़े आराम से संपन्न हो गई। रीट परीक्षा के सकुशल संपन्न होने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सभी प्रदेशवासियों, राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया है।

सीधी जिम्मेवारी जिला कलेक्टरों की होगी। सभी परीक्षार्थियों को निःशुल्क रहने व भोजन तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। परीक्षा के दिन प्रशासन द्वारा ऐसा किया भी गया। प्रदेश के सभी जिलों में लगातार तीन दिन तक जिला कलेक्टर अपने सभी मातहत अधिकारियों के साथ पूरी मुस्तैदी से रीट परीक्षा को सफल बनाने में जुटे रहे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दृढ़ फैसले का ही परिणाम है कि प्रदेश में पहली बार संपन्न हुई इतनी बड़ी परीक्षा बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्वक संपन्न हुई तथा परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। रीट परीक्षा के दौरान राजस्थान के लोगों ने सभी परीक्षार्थियों की तन मन धन से सेवा की। जहां कहीं भी बड़े शहरों, कस्बों, गांवों में रीट के परीक्षा केंद्र थे। वहां बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए रहने व खाने की व्यवस्थाओं में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिस समय कोरोना महामारी आई थी उस दौरान प्रदेश के सभी लोग एक दूसरे की सेवा करने में जुट गए थे उससे भी बढ़कर नजारा रीट परीक्षा के आयोजन के दौरान देखने को मिला। इस दौरान सरकारी विभाग पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे थे। उसके साथ ही सभी गैर सरकारी संगठन, सामाजिक संगठन, समाज सेवी, भामाशाह व दानदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपनी तरफसे परीक्षार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर तरह से सहायता उपलब्ध करवाई। बहुत से स्थानों पर तो जनप्रतिनिधियों ने भी सकारात्मक भूमिका निभाई।

रीट की परीक्षा में राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात सहित देश के अन्य कई प्रदेशों के परीक्षार्थी भी परीक्षा देने आए हुए थे। जिन को वास्तविक रूप में तो राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का भी ज्ञान नहीं था। मगर अपने परीक्षा केंद्रों वाले स्थानों पर पहुंचने के बाद उन्हें बिल्कुल भी इस बात की कमी महसूस नहीं हुई कि वह किसी दूसरे प्रांत में परीक्षा देने आए हुए हैं। जहां-जहां भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए वहां के लोगों ने पूरे समर्पण भाव से परीक्षार्थियों की सेवा को अपना कर्तव्य समझकर काम किया। जिस का ही परिणाम है कि आज राजस्थान में इतनी बड़ी परीक्षा बड़े आराम से संपन्न हो गई। रीट परीक्षा के सकुशल संपन्न होने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सभी प्रदेशवासियों, राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया है। हालांकि इस परीक्षा के आयोजन के दौरान जयपुर जिले के चाकसू के पास एक बड़ी सड़क दुर्घटना भी हो गई थी। जिसमें बांरा जिले से सीकर जिले में परीक्षा देने जा रहे 6 परीक्षार्थियों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। लेकिन इसके अलावा और कहीं बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। रीट परीक्षा में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए प्रदेश के सभी व्यापारियों ने भी उस दिन स्वेच्छा से अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा ताकि परीक्षा देने आने वालों के वाहन बेरोकटोक चल सके व रास्ते में कहीं जाम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।

इतनी बड़ी परीक्षा का आयोजन संपन्न होने पर हर प्रदेशवासी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सरकार को भी मनोबल काफी बढ़ा है। जिससे भविष्य में राजस्थान सरकार इससे भी बड़ी परीक्षा का आयोजन करवा सकती है। रीट की परीक्षा जहां परीक्षार्थियों के लिए एक परीक्षा थी वही प्रदेश वासियों के लिए भी एक बड़ी परीक्षा की घड़ी थी। जिसमें सभी प्रदेशवासी पास हो गयें हैं। रीट की परीक्षा के संपन्न होने पर हम पूरे गर्व के साथ कह सकते हैं कि एक बार फिर आवो नी पधारो म्हारे देश।

आंतकवाद की सर्वसम्मत परिभाषा तय करने का वक्त

आशीष वशिष्ठ

> पाकिस्तान ने सीमापार से आतंकियों की आपूर्ति लगातार जारी रखी है। करीब 60,000 नागरिक और सैन्य बलों के जवान हताहत हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के नाम पर आज भी दुष्प्रचार फैलाया जाता है। इसमें पाकिस्तान और चीन के अलावा, कुछ और भारत-विरोधी देश भी शामिल हैं। लब्बोलुआब यह है कि आतंकवाद से पूरी दुनिया चिंतित है। अमरीका, यूरोप, रूस, चीन और अरब देशों में, अलग-अलग रूपों में, आतंकवाद के 'प्रॉक्सी वार' भी जारी हैं, लेकिन आतंकवाद पर कोई साझा, सामूहिक और संगठनात्मक कार्रवाई आज तक नहीं की जा सकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की 76वीं आम सभा में अपने नपे-तुले भाषण में लोकतंत्र, आतंकवाद, तालिबान की वापसी तथा वैक्सीन से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। जहां इससे पहले पाक प्रधानमंत्री ने भारत का नाम लेकर हमला बोला था, वहीं मोदी ने पाक का नाम लिये बिना अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रतिगामी सोच के साथ जो देश आतंकवाद का इस्तेमाल राजनीतिक उपकरण की तरह कर रहे हैं, ये उनके लिये भी खतरा है। जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिये नहीं हो। प्रधानमंत्री ने विश्व बिरादरी से अफगान महिलाओं, बच्चों व अल्पसंख्यकों की मदद की अपील की। बीते जून में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 47वें सत्र में भारत ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि पाकिस्तान अपनी राज्य नीति के तहत खतरनाक और सूचीबद्ध आतंकवादियों को पेंशन देते है और उन्हें अपने क्षेत्र में रहने देता है। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने और सहायता करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ मुलाकात में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें आतंकवाद का मसला भी शामिल रहा। भारत और अमेरिका ने इस मुलाकात के दौरान 26द11 मुंबई आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित समूहों सहित सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई को लेकर प्रतिबद्धता भी जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में जिस प्रखरता से आतंकवाद पर अपना पक्ष रखा है उसने विश्व को सोचने को मजबूर किया है। जाहिर है कि उनके भाषण को यूएनओ महासभा के रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। क्या

यूएनओ की क्रिया-प्रणाली और उसके दायित्व सिर्फइतने ही हैं? अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन समेत दुनिया के बड़े देशों के नेताओं ने भी आतंकवाद का मुद्दा गंभीरता से उठाया और उस पर मंथन का आग्रह भी किया है। भारत पहले भी कई बार आतंकवाद की अधिकृत परिभाषा का सवाल उठा चुके हैं।

वास्तव में तालिबानी अफगानिस्तान शेष विश्व की नई चिंता है। वहां ऐसे आतंकवादी कैबिनेट में शामिल किए गए हैं, जिन्हें यूएनओ और सुरक्षा परिषद समेत कुछ बड़े देशों ने प्रतिबंधित घोषित कर रखा है। उन पर करोड़ो के इनाम भी हैं। वे सरेआम सक्रिय हैं। उन्हें न तो मारा जा सका है और न ही गिरफ्तार करके दंडित किया जा सका है। फिर यूएनओ महासभा में आतंकवाद पर चिंताएं जताने के मायने क्या हैं? क्या विवशता है कि यूएनओ आज तक भी आतंकवाद की सर्वसम्मत परिभाषा पर विचार नहीं कर सका है, निश्चित करने की बात तो बहुत दूर की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का राग अलापा। भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। वैश्विक मंच पर भारत ने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाते हुए बेनकाब कर दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान आंतकियों को पनाह देने के लिए हमेशा अपनी जमीन का इस्तेमाल करता रहा है। दुनिया जानती है कि आतंकी ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में पनाह मिली थी, लेकिन अमेरिका ने उसे मार गिराया। इसके अलावा एक नहीं सैकड़ों सबूत पाकिस्तान के खिलाफसामने आ चुके हैं, फिर भी पाकिस्तान बेशर्म की तरह मुंह छुपाते हुए अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। हालांकि, दुनिया जानती है कि आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना अगर कोई देश है तो वह पाकिस्तान है, जहां आतंकवाद और आंतकियों को बढ़ावा दिया जाता है।

पाकिस्तान में आतंकी वहां खुलेआम घूमते हैं। आतंकवाद को 'राजनीतिक औजार' के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आतंकवाद पर देश भी सचेत रहें, क्योंकि आतंकवाद उनके लिए भी बड़ा खतरा साबित हो सकता है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी देश की (मौजूदा संदर्भ अफगानिस्तान) सरजमीं आतंक फैलाने और किसी अन्य देश पर आतंकी हमले के लिए इस्तेमाल न की जाए। दुनिया में चरमपंथ, कट्टरपंथ फैलता जा रहा है। समंदर किसी की बपौती नहीं, सभी देशों की साझा विरासत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवन-रेखा है। उसका इस्तेमाल करें, दुरुपयोग न करें। विस्तारवाद पर लगाम लगनी चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत हुआ सास बहू

बहुत हुआ सास बहू पुराण आजकल तो पति-पत्नी के विचार नही मिलते तो संबंध टूट जाते हैं या फिर एक घर में होते हुए भी कमरे अलग - अलग होते हैं अब ये बताइए दो अलग घर, अलग परिवेश, अलग परवरिश अपना अलग व्यक्तित्व एक कैसे होंगें थोड़ा तो तालमेल बिठाना होगा।

- सुनिता पुष्पराज

यह योगी सरकार

यह योगी सरकार की कम उपलब्धि नही है कि जो कल तक मस्जिद व मजारों के चक्कर लगा रहे थे आज मंदिरों मे पूजा अर्चना करने लगे हैं । कभी गहराई से सोचियेगा कि यह कितना बड़ा बदलाव है और इसे लाने मे सत्तर सालों का समय क्यों लग गया । क्या आप इसे फिर खोना चाहेंगे।

-एल.एस. बिष्ट

खास पाती

हंसिए दिल खोल हंसिए

हंसिए दिल खोल हंसिए जी जान से हंसिए. बाजार में, एकांत में, मंदिर में और श्मशान में हंसिए करुणा में, तीव्रता में, वन्दन और क्रंदन में हंसिए रोग में, निरोग में, आह्लाद और विषाद में हंसिए आत्मा में, दुरात्मा में, सत्यात्मा और परमात्मा में हंसिए शून्य में, अस्तित्व में, यात्रा और विराम में हंसिए अर्थ में, अनर्थ में, शब्द और निःशब्द में हंसिए जीवन में, मृत्यु में भय और अभय में हंसिए संग में, कुसंग में, बहु संग और सत्संग में हंसिए आवास में, प्रवास में, एकांत और भीड़ में हंसिए धन में, निर्धन में, बहुधन में और अतिधन में हंसिए मृत्यु तक, विराम तक, प्रस्थान तक हंसिए, बस हंसिए, दिल खोल कर हंसिए।- राकेश मिश्रा

सुलाते थपक के सुनाते कहानी

सुलाते थपक के सुनाते कहानी कहाँ हैं वो राजा कहाँ है वो रानी छतों पे था सोना वो सीना पिरोना किस्से कहानी इक दादी इक नानी फिरकी सा मचलना पतंगों का उड़ना नदारद हुई है वो गुड़िया सयानी सितारे चमकते घनी रात प्यारीसुनना पापा का बचपन दादी की जुबानी बिना डर के दौड़ना और जुगनू पकड़ना भुलाई हिंडोले की रस्सी सुहानी परी सा इतरना फुहारों में भीगना कश्ती कागज़ की हुई है पुरानी। - ज्योत्सना सक्सेना

ख्यालों का झूंठा जहां दे रहे हैं

खयालों का झूंठा जहाँ दे रहे हैं ज़मीनो के आक़ा बयाँ दे रहे हैं ये रोटी न कपड़ा न मकां दे रहे हैं फ़क़त ये धुआं ही धुआं दे रहे हैं नहीं कामयाबी जब मिलती यहाँ पर क्यों हम खाँमखाँ इम्तिहाँ दे रहे हैं किसी के भी दिल में मुहब्बत नहीं अब मगर लोग हैं फिर भी जाँ दे रहे हैं है आत्मनिर्भरता का हुक्म लेकिन वो करने भी कुछ कहाँ दे रहे हैं।

- नीरू श्रीवास्तव

जेंडर विशेष के लिए पूर्वाग्रह

जेंडर विशेष के लिए पूर्वाग्रह एक मानसिक रोग है, जिसके शिकार बौद्धिक श्रेणी वाले लोग बड़ी संख्या में होते हैं.. जो किसी अन्य जेंडर के प्रति एक खास धारणा में जकड़े होते हैं. इसके काफी सारे लक्षण हैं और काफी सारी वजहें, जो उनके व्यवहार से परिलक्षित होती रहती हैं.. वह कितने नामचीन हैं, इस बात का उनके व्यवहार पर कोई फर्क नहीं पड़ता इस संदर्भ में कह लीजिए, ऊंची दुकान फीके पकवान।

- मिनाक्षी सिंह

ये फेसबुक तूने खूब बनाया

ये फेसबुक तूने खूब बनाया, है यहॉ पर याराना । सभी मित्रों का अन्दाज मेरे, दिखता है शायराना । रहें सलामत मित्र सभी, है यही कामना मेरी ; अमर रहे युगों-युगों तक, यह हमारा दोस्ताना।

- सुनित लाहीरी

मुस्कान आ जाती है चेहरे पर

मुस्कान आ जाती है चेहरे पर जब जब खोलती हूँ फ़ेसबुक को जब दोस्त हैं इतने प्यारे तो फेस कैसे न मुस्कुराये अपना प्यार यूँ ही बरसाते रहना बिना दोस्तों के इक पल नहीं रहना।

- रामाजय शर्मा

आदमी भजिए खाकर बीमार पड़ता

आदमी भजिये खाकर बीमार पड़ता है... फिर हॉस्पिटल के बेड पर बैठा बैठा संतरा, मौसम्बी और सेब खाता है... और फिर उससे मिलने आने वाले उसके सगे, सम्बन्धी हॉस्पिटल के बाहर खड़े-खड़े भजिये खाते हैं... यही जीवन चक्र है।

- संतोष कुमार मिश्रा

QUIZ TIME

1) छ.ग. के शिक्षाशास्त्री जे. योगानंदम द्वारा स्थापित संस्था का नाम बताएं?
2) सुनिश्चित सिंचाई क्षेत्र विस्तार योजना में किसे शामिल किया गया है?
3) छ.ग. में सर्वप्रथम स्थापित सीमेंट कारखाना कौन-सा है?
4) छ.ग. में 'कौशल विकास योजना' किस वर्ष से लागू है?
5) छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक मंच के सर्जक कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) छ.ग. महाविद्यालय (2) शाकम्बरी, किसान समृद्धि नलकूप, लघुतम सिंचाई तालाब (3) जामूल सीमेंट कारखाना (4) 2013 (5) दाऊ रामचंद्र देशमुख जी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1542 : केलिफोर्निया के खोजकर्ता रोड्रिग्ज कैब्रिलो ने सान दिएगो कहे जाने वाले इलाके के नजदीक आज ही के दिन कदम रखा था और वेस्ट कोस्ट पहुंचने वाले पहले यूरोपीय बने। 1837 : बहादुर शाह जफर को मुगल सम्राट बनाया गया। हालांकि उस समय तक मुगल सल्तनत काफी बिखर चुकी थी और वह नाम के ही सम्राट रह गए थे। 1920 : शिकागो व्हाइट सॉक्स बेसबाल टीम के आठ सदस्यों को निर्णायक मंडल ने 1919 की विश्व श्रृंखला में घूस लेकर सिनसिनाटी रेड्स से हार जाने का दोषी ठहराया। 1929 : स्वर कोकिला लता मंगेशकर का इंदौर में जन्म। अपनी बेहतरीन आवाज के दम पर वह पिछले आठ दशक से देश में गायकी का पर्याय हैं और अपने गीतों के मोतियों से संगीत के खजाने को समृद्ध बना रही हैं। 1977 : एडमंड हिलेरी नंदप्रयाग के अपने अभियान पर रवाना हुए।2000 : इस्राइल के कट्टरपंथी विपक्षी नेता एरियल शेरोन के अल अक्सा मस्जिद आने से नाराज पूर्वी येरूशलम के फलस्तीनियों ने विरोध स्वरूप पुलिस के साथ संघर्ष किया। 2008 : स्पेसएक्स ने फाल्कन एक को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। यह पहली ऐसी निजी कंपनी थी, जिसने तरल ईंधन वाले रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजने में सफलता हासिल की। 2016 : पोलैंड में जन्मे इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री शिमोन पेरेज का निधन। पेरेज को 1993 में इस्राइल सरकार और फलस्तीन मुक्ति संगठन के बीच हुई ओस्लो संधि में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 1994 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ना तो हंसाती है और ना ही डरा पाती है 'भूत पुलिस'



मुंबई। 'भूत पुलिस' में सैफअली खान और अर्जुन कपूर ने डराने के साथ हंसाने की कोशिश की है। उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम हैं। फिल्म में हॉरर कॉमेडी के साथ-साथ इश्कबाजी भी चलती रहती है। हालांकि यह सैफकी 'गो गोवा गॉन' जैसी नहीं है। 'भूत पुलिस' को एक हल्की-फुल्की मनोरंजक फिल्म जैसी कह सकते हैं। निर्देशक पवन कृपलानी ने इसे इविल डेट, घोस्टबस्टर्स, जॉम्बीलैंड और द एक्सॉर्सिस्ट से थोड़ा-थोड़ा उधार लिया हुआ है। फिल्म दो सगे भाइयों की कहानी से शुरू होती है जिसमें विभूति वैद्य के किरदार में सैफअली खान हैं जबकि चिरौंजी वैद्य के रोल में अर्जुन कपूर हैं। उनके पिता तांत्रिक थे। ऐसे में उन्हें भूतों को वश में करने और उन्हें भगाने के लिए जगह-जगह बुलाया जाता है। सौभाग्य से वे एक ऐसे समाज में पैदा हुए है जिसका अस्तित्व अंधविश्वास पर टिका हुआ है और यह व्यापार फल फूल रहा है। वे जल्द ही दो बहनों माया और कनिका से मिलते हैं और एक तरह का गैंग बनाते हैं। फिल्म के बीच में एक खुलासा भी होता है लेकिन यहां यह बताना सही नहीं होगा।

भूत पुलिस और अच्छी फिल्म बन सकती थी अगर कृपलानी कास्टिंग और अच्छी करते। उन्हें थोड़ा साहस दिखाना चाहिए था। सैफऔर अर्जुन इन किरदारों के साथ न्याय नहीं कर पाते। शहरी इलाकों में पले-बढ़े दोनों के हाव-भाव कहीं से फिल्म की कहानी से मेल नहीं खाते। इसी स्क्रिप्ट के साथ ही केवल एक सुधार के साथ फिल्म और अच्छी की जा सकती थी। अभिनेत्रियों की बात करें तो यामी और जैकलीन की भूमिकाओं में दम नहीं है। दोनों बेहद सपाट रही हैं। ऐसा मालूम पड़ता है कि वे सिर्फरोमांस और गाने के लिए ही ली गई हैं। एक अच्छी फिल्म बनते-बनते रह गई क्योंकि कृपलानी और उनकी कंपनी ने पारिवारिक मनोरंजन के चक्कर में कुछ ज्यादा ही कोशिशें कर लीं। फिल्म ऐसे मोड़ पर छोड़ दी गई जहां से इसके सीक्वल की ओर इशारा है। अगर हॉरर फिल्मों का शौक है तो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई दूसरे शोज और फिल्में देखी जा सकती हैं। डिजनी हॉटस्टार ने 'भूत पुलिस' के साथ एक बार फिर से निराश किया है।

31 दिसंबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की जर्सी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर की स्टोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी 31 दिसंबर को रिलीज होगी। महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर से सिनेमाघरों को खोले जाने के एलान के बाद से फिल्म जगत में फिल्मों की रिलीज डेट का लगातार एलान हो रहा है। अब शाहिद कपूर की मोस्टअवेटेड स्टोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी की नई रिलीज डेट की घोषणा हो चुकी है। इसकी जानकारी शाहिद कपूर ने फिल्म में अपने किरदार का एक फोटो शेयर कर दी है। शाहिद कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए जानकारी दी है कि फिल्म को इस साल के अंत में 31 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। शाहिद ने पोस्ट शेयर कर कैप्शन लिखा, जर्सी 31 दिसंबर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। गौरतलब है कि गौतम तिन्ननुरी के निर्देशन मे बनी 'जर्सी' फिल्म इसी नाम की तमिल स्पोर्टस ड्रामा फिल्म का रीमेक है। इस फिल्म में शाहिद कपूर एक क्रिकेटर की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

शहनाज गिल की 'हौसला रख' का ट्रेलर आउट

मुंबई। शहनाज गिल और दिलजीत गिल की अपकमिंग फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। रिलीज के पहले फिल्म के पोस्टर से ही लोगों में एक्साइटमेंट बढ़ गया था, अब ट्रेलर भी आ चुका है। शहनाज के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड हैं और ट्रेलर काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म में दिलजीत और शहनाज गिल के साथ सोनम बजवा भी हैं। ट्रेलर में शहनाज काफी क्यूट नजर आ रही हैं। वहीं सिडनाज के फैंस फिल्म का ट्रेलर देख इमोशनल हो रहे हैं। फिल्म में दिलजीत को बच्चे नापसंद करने वाला बंदा दिखाया गया है लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर होता है। वह बच्चे के सिंगल पेरेंट बनकर उसे बड़ा करते हैं। इस दौरान उनके स्ट्रगल्स फनी ट्विस्ट के साथ दिखाए गए हैं। शहनाज गिल सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के सदमे से उबर नहीं पा रहीं, इस बीच उनके फैंस उन्हें फिर से काम पर वापस देखना चाहते हैं। उनकी पंजाबी फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में फिल्म शहनाज और दिलजीत के रोमांस से शुरू होती है। दोनों को बच्चे पसंद नहीं होते लेकिन शहनाज प्रेग्नेंट हो जाती हैं। इसके शहनाज दिलजीत को तलाक दे देती हैं। बच्चे की कस्टडी दिलजीत को मिल जाती हैऔर वह उसे संभालते हुए काफी परेशान दिखते हैं।

आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' 'वेलेंटाइन डे' पर होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्टनिस्ट अभिनेता आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' 'वेलेंटाइन डे' पर 2022 में रिलीज होगी। सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स को फिर से खोलने की अनुमति देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस और वायकॉम 18 स्टूडियोज ने आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की नई रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। आमिर खान, करीना कपूर खान, नागा चैतन्य, मोना सिंह और मानव वीजे अभिनीत, 'लाल सिंह चड्ढा' 2022 के वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड की बेहद चर्चित फ़िल्म फॉरेस्ट गम्प का आधिकारिक रीमेक है। लाल सिंह चड्ढा की पटकथा अतुल कुलकर्णी के साथ एरिक रोथ ने लिखी है। इसका निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं, जो आमिर के साथ सीक्रेट सुपरस्टार बना चुके हैं। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा करते हुए, ÷आमिर खान प्रोडक्शंस ने कहा, ÷हम 22 अक्टूबर से सिनेमाघरों को फिर से खोलने की अनुमति देने के प्रशासन के फैसले का स्वागत करते हैं। महामारी के परिणाम स्वरूप हुई देरी के कारण, इस क्रिसमस पर हमारी फिल्म लाल सिंह चड्ढा रिलीज नहीं हो पाएगी।



न्यूज गैलरी

मुंबई जैसी मजबूत बल्लेबाजी के खिलाफ शानदार रही गेंदबाजी : विराट कोहली

दुबई (वार्ता)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने यहां रविवार को आईपीएल 14 के 39वें मैच में मुंबई इंडियंस को 54 रन से हराने के बाद कहा कि वह इस जीत से, खासतौर पर जिस तरह से टीम ने हासिल की, उससे बहुत खुश हैं। दूसरे ओवर में देवदत्त पडिकल को खोने के बाद शुरुआत मुश्किल रही, लेकिन गेंदबाजी अच्छी रही। विराट ने मैच के बाद कहा, ÷ जसप्रीत बुमराह ने जिस तरह से दूसरा ओवर डाला, उसने मुंबई के लिए खेल को पूरी तरह से सेट कर दिया।

हर्षल पटेल की हैट्रिक, बेंगलुरु ने मुंबई को किया पस्त

दुबई (वार्ता)। तेज गेंदबाज हर्षल पटेल की 17वें ओवर में शानदार हैट्रिक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (11 रन पर तीन विकेट) तथा ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल के हरफनमौला प्रदर्शन (56 रन और 23 रन पर दो विकेट) से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफरविवार को 54 रन से जीत दर्ज कर आईपीएल के प्लेऑफमें पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूती दे दी।

बेंगलुरु ने कप्तान विराट कोहली (51) और आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (56) के शानदार अर्धशतकों से 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर मुंबई को 18.1 ओवर में मात्र 111 रन पर ढेर कर 54 रनों से बड़ी जीत हासिल की।

बेंगलुरु ने 10 मैचों में अपनी छठी जीत हासिल की और वह तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बरकरार है जबकि गत चैंपियन मुंबई की टीम 10 मैचों में छठी हार के साथ सातवें स्थान पर खिसक गयी है। बेंगलुरु ने इस सत्र में मुंबई को दूसरी बार हराया। बेंगलुरु की इस जीत के हीरो रहे पर्पल कैपधारी हर्षल पटेल जिन्हीने 17वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या को, दूसरी गेंद पर कीरोन पोलार्ड को और तीसरी गेंद पर राहुल चाहर को पगबाधा कर अपनी हैट्रिक पूरी की और आईपीएल में 20वीं हैट्रिक हासिल की। पटेल ने एडम मिल्ने को 19वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड कर मैच में चार विकेट पूरे किये। मुंबई ने पॉवरप्ले में 57 रन जोड़कर ठोस शुरुआत की लेकिन इसके बाद 44 रन जोड़कर सभी शेष 10 विकेट गंवाकर हार को गले लगा लिया। क्विंटन दी कॉक ने चहल की गेंद को मारने की कोशिश में अपना विकेट गंवाया। मैक्सवेल ने डीकॉक का कैच लपका। डी कॉक ने 23 गेंदों पर 24 रन में चार चौके लगाए। इसके बाद ईशान किशन का तेज शॉट रोहित के बाएं हाथ से टकरा गया। रोहित ने मैदान में हाथ का इलाज कराया लेकिन मैक्सवेल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में मिडऑन बॉउंड्री पर देवदत्त पडिकल के हाथों लपके गए।

रोहित का विकेट 79 के स्कोर पर गिरा। रोहित ने 28 गेंदों पर 43 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। रोहित के आउट होने के बाद तो मुंबई की बल्लेबाजी का जैसे पतन हो गया और उसने अपने शेष आठ विकेट 31 रन जोड़कर गंवा दिए।

सिडनी थंडर के लिए खेलेंगी मंधाना और दीप्ति

मेलबोर्न (वार्ता)। अक्टूबर से शुरू हो रहे महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) टूर्नामेंट के लिए मौजूदा चैंपियन सिडनी थंडर ने भारत की दो सुपरस्टार खिलाड़ी ओपनर स्मृति मांधना और हरफ़नमौला दीप्ति शर्मा को अपनी टीम में शामिल किया हैं। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में इस साल का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाने वाली मंधाना की यह तीसरी बिग बैश टीम होगी। इससे पहले वह ब्रिस्बेन हीट और होबार्ट हरिकेन्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दीप्ति ने इससे पहले कभी बिग बैश में भाग नहीं लिया है। हालांकि उन्हें टी20 क्रिकेट खेलने का काफ़ी अनुभव है। वह इस साल 'द हंड्रेड' के पहले सीज़न का हिस्सा भी थी जहां उन्होंने 5.26 की इकॉनमी से गेंदबाज़ी करते हुए 10 विकेट झटके। साथ ही वह 2019 में मंधाना के साथ इंग्लैंड में सुपर लीग की विजेता वेस्टर्न स्टॉर्म टीम का भी हिस्सा थीं। ये दोनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट और सलामी बल्लेबाज़ टैमी बोमॉन्ट के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया गया हैं। इंग्लैंड महिला टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द होने के बावजूद वह दोनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं थीं। मंधाना और दीप्ति के अलावा शेफ़ाली वर्मा और राधा यादव भी इस लीग में खेलते नज़र आएंगी। वर्मा के पिता संजीव ने मई में ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को बताया था कि वर्मा ने सिडनी सिक्सर्स के साथ करार किया है। 25 वर्षीय मंधाना ने बताया कि वह फिर एक बार इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ÷विदेशी लीग में खेलने से आपको टी20 क्रिकेट का अनुभव मिलता है। आपको दुनिया भर के खिलाड़ियों के साथ वक़्त बिताने का और उनसे सीखने का अवसर भी मिलता है।

दीप्ति भी इस मौक़े को लेकर बेहद ख़ुश हैं। उन्होंने कहा, ÷मुझे पहले भी इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए कई प्रस्ताव आए थे लेकिन उस समय चल रही अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ के कारण मैं खेल नहीं पाई। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी बात है कि हमें महिला बीबीएल में खेलने का मौक़ा मिल रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400273

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजा देवर आ. प्री. वेलैय स्वामी निवासी शंकरनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1225/3 रकबा 0.007 हें 800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202108100700450

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुरली ढीमर वगै. पिता स्व. श्यामलाल ढीमर निवासी ग्राम सरस्वती नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 680/82 (681/82) रकबा 0.011 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400281

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रेखारानी अहीर पति रामखिलावन निवासी गोड़पारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 494/9 रकबा 0.0130 हें 1400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400283

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री त्रदेव कुमार सिन्हा आ. नेमीचंद सिन्हा निवासी उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 376/5 रकबा 0.0112 हें 1228.81 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400298

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रमेश कुमार आ. देवसिंह निवासी दंतेवाड़ा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 835/34 रकबा 0.0140 हें 1550 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत-सूचना

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

भूमिस्वामी रीना राजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज निवासी पांच रास्ता सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूनम शर्मा पति जीवनलाल शर्मा निवासी सुपेला भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 2035/2, 2053/3 संयुक्त का टु. रकबा 0.029 हे. को विक्रेता भूमिस्वामी रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज से दिनांक 05.03.2014 को रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसे आवेदक पूनम शर्मा पति जीवनलाल तह. व जिला दुर्ग के द्वारा प्रमाणीकरण किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण आपकी उपस्थिति एवं पक्ष में प्रस्तुत करने हेतु नियत है।

उपरोक्त संबंध में आपको किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पेश करनी हो तो पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत-सूचना

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202102103400061

भूमिस्वामी रीना राजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज निवासी वार्ड 8 फरीदनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका साबरा खातुन पति मोहम्मद कल्लू निवासी सुपेला भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 2035/2, 2053/3 संयुक्त का टु. रकबा 0.018 हे. को विक्रेता भूमिस्वामी रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज से दिनांक 24.03.2014 को रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसे आवेदक साबरा खातून पति मो. कल्लू तह. व जिला दुर्ग के द्वारा प्रमाणीकरण किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण आपकी उपस्थिति एवं पक्ष में प्रस्तुत करने हेतु नियत है।

उपरोक्त संबंध में आपको किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पेश करनी हो तो पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत-सूचना

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012103400036

भूमिस्वामी 1. रीना राजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज, 2. नारायणी अग्रवाल पति सुरेश अग्रवाल निवासी सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका वंदना शर्मा पति सुरेश शर्मा निवासी सुपेला भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हे. को विक्रेता भूमिस्वामी रीना राजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज से दिनांक 05.03.2014 को रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसे आवेदक वंदना शर्मा पति सुरेश शर्मा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा प्रमाणीकरण किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण आपकी उपस्थिति एवं पक्ष में प्रस्तुत करने हेतु नियत है।

उपरोक्त संबंध में आपको किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पेश करनी हो तो पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक 265 श्री सुखराज नायक पिता श्री रेशम लाल नायक को स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 08.07.2009 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख/ नामांतरण पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्री योगेश्वर लाल साहू पिता स्व. श्री गंगदेव साहू निवासी- मकान नं. 145 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 138/2021-22
वार्ड का नाम- श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी-61 स्थित मकान/ भूमि 61/ 63/पी/22 सांई विला बी-8 भाठागांव जो कि निगम अभिलेख में श्री सूर्यकांत पटेल पिता श्री देवजी पटेल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती रंजना ठाकुर पति श्री विजेन्द्र कुमार ठाकुर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 137/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद-60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चन्द्रशेखर आजाद-60 स्थित मकान/ भूमि 60/ 52/ए/443 गोकुल नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री आलम खान पिता श्री हफीज खान के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्रीमती इसरतुन निशा पति श्री हासिम अली 2. श्रीमती राबिया बानो पति मोहम्मद सद्दाम ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन एलआईजी-15/175 प्रथम तल में श्री अशोक पवार पिता श्री साहेब राम पवार को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 17.08.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 16.09.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती दुर्गेश्वरी पति श्री जयसिंह बघेल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. जनता-203 में श्री रामकृष्ण सिंह ठाकुर पिता श्री स्व. मनहरण सिंह ठाकुर को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 7.8.94 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 1.9.21 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री शिवकुमार ठाकुर पिता श्री स्व. मनहरण सिंह ठाकुर के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3396/NIT-6/2021-2022/वलेलि — दिनांक : 24/09/2021
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 11/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/10/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 21/10/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
6 T0014	उरकुरा-सरोना बायपास रेलवे लाईन पर रायपुर-बिलासपुर मार्ग में खमतराई आर.ओ.बी. में उद्यानिकी के रखरखाव का कार्य (एन.एच.-30) (रायपुर नगर निगम क्षेत्र) प्रथम आमंत्रण	7.06 5300.00 0.00	A-e	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''ई''	12 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-63961/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
रायपुर छ.ग.

शिक्षक संवर्ग की समस्याओं व संगठन विस्तार की बनी रणनीति

■ **छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न।**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक कवर्धा के प्रमुख प्राथमिक शाला भवन में जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र चंद्रवंशी के नेतृत्व व प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व मांगों के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई गई।

बैठक में वेतन विसंगति क्रमोन्नति, पदोन्नति, शिक्षक संवर्ग संवर्ग की महंगाई भत्ता, समयमान वेतन, परिक्षावधि व निम्न से उच्च पद की लंबित एरियर्स राशि का भुगतान, पुरानी पेंशन बहाली, लंबित मेडिकल व अर्जित अवकाश का भुगतान, सेवा पुस्तिका का नियमित संधारण, खुला स्थानान्तरण,संस्था प्रमुख पदों पर पदोन्नति, उच्च शिक्षा प्राप्त करने व पीएचडी करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, मातृत्व अवकाश स्वीकृति, रिक्त संस्था प्रमुख के पदों पर पदोन्नति देने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ की सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई।

संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान हेतु आगामी रणनीति तैयार की गई। साथ ही आगामी माह में सभी ब्लॉक मुख्यालयों में बैठक तथा सभी संकुलों में संकुल अध्यक्ष नियुक्त करने की योजना बनाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षक संवर्ग के हित मे शासन के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व सेवा के आधार पर क्रमोन्नति, पदोन्नति दी जाए, पुरानी पेंशन बहाल किया जाए, खुला स्थानान्तरण नीति लागू हो। प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत ने कहा कि संघ शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ने हमेशा तैयार है। शिक्षक अपने कर्तव्यों व दायित्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। बैठक को पंडरिया ब्लाक अध्यक्ष पंडरिया मोहन राजपूत, बोड़ला ब्लाक अध्यक्ष संजय जायसवाल, कवर्धा ब्लाक अध्यक्ष अमित मिश्रा, सहसपुर लोहारा ब्लाक अध्यक्ष राकेश जोशी ने भी संबोधित किया। बैठक में मुन्नवर बेग, भानूप्रताप राजपूत,विष्णु कौशिक,सुनील माग्रे, सूरज पाली, रामकुमार वर्मा, अशोक निषाद, शरद वर्मा, राजेश तिवारी, कर्नल तिवारी, नरेंद्र चंद्रवंशी, लक्ष्मीनारायण बंजारा, दिनेश बर्वे, देवानंद त्रिपाठी, खिलेंद्र साहू, जगजीवन हठीले, देवेंद्र राजपूत, सतीश निषाद, रामाश्रय शर्मा, कुंजबिहारी हठीले, खुलेश्वर कौशिक, टिकेश्वर साहू मनीराम धुर्वे, भूषण वर्मा, गुनेश्वर सोनी, फलित साहू, विजय वाद्यकर सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

ग्रामीणों ने मनाया जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

गांव के प्रमुख चौराहों में किया वृक्षारोपण

गुंडरदेही। गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम कोटगांव में शनिवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद, अंत्योदय के प्रखर वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जनक, कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुष्प एवं देश के लिए सर्वस्व समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण एवं गौठान में सफाई किया गया। साथ ही खेरूद, खुटेरी, कोडेवा, धनगांव में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिला पंचायत सदस्य बालोद नीतीश मोंटी यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुंडरदेही सालिक राम देशमुख, सांसद प्रतिनिधि पूर्णानंद बेलचंदन, सरपंच धनीराम कौशल, देवेंद्र साहू महामंत्री भाजयुमो मंडल अर्जुंदा व पंचों के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गई। इस दौरान भारत पटेल, रामलाल देशमुख, मकसूदन साहू, बिशाल देशमुख, नरोत्तम साहू आदि वरिष्ठ नागरिक सम्मान किया गया। जिला पंचायत सदस्य नीतीश मोंटी यादव ने कहा कि-पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।

राष्ट्रपिता बापू की प्रतिमा का अनावरण स्थल का कलेक्टर ने किया मुआयना

बेमेतरा । कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने गांधी चौक के पास चबूतरे का अवलोकन किया। गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता बापू की प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। इसकी तैयारी के संबंध मे जिलाधीश ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम दुर्गेश वर्मा, सीएमओ होरी सिंह ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

घंटों इंतजार करने के बावजूद कई लोगों को नहीं लगा वैक्सीन

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। गुंडरदेही ब्लॉक के वैक्सीनेशन केंद्रो ने इन दिनों काफी भीड़ देखने को मिल रहा है। वैक्सीन लगवाने के लिए लोग सुबह से ही केंद्रों में पहुंच रहे हैं। वहीं जब कई लोगों को वैक्सीन नहीं लग पाता तो निराश होकर बिना वैक्सीन लगाए खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। गुंडरदेही नगर के बैडमिंटन हॉल के वैक्सीनेशन सेंटर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जहां घंटों इंतजार करने के बावजूद जब वैक्सीन नहीं लगा तो लोग बिना वैक्सीन लगाए ही वापस घर लौट गए।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक लोगों को टीकाकरण के लिए परेशानी ना हो इसलिए 1 दिन पूर्व ही सोशल मीडिया एवं अखबारों के माध्यम से टीकाकरण केंद्रों की जानकारी दी जाती हैं। जिसके बाद लोग टीकाकरण के लिए केंद्रों में पहुंचते हैं और टीका लगवाते हैं। वहीं कई बार टीकाकरण के लिए एक साथ अधिक संख्या में लोग आ जाते हैं। जिसके कारण केंद्रों में भीड़ हो जाती हैं। कुछ लोग इंतजार करना पसंद नहीं करते इसलिए घर वापस लौट जाते हैं।

दो दिन रहती है ज्यादा भीड़

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार एवं रविवार को शासकीय अवकाश होने एवं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहारों के दिन टीकाकरण केंद्रों में ज्यादा भीड़ रहता है क्योंकि अवकाश होने पर लोग घरो में रहते है और टीकाकरण के लिए केंद्रों में पहुंचते हैं। इसलिए कभी-कभी वैक्सीन की कमी हो जाती हैं। वही वैक्सीन की कमी होती है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत वैक्सीन उपलब्ध कराया जाता है।

शनिवार को गुंडरदेही में टीकाकरण की रिपोर्ट

गुंडरदेही के वैक्सीनेशन सेंटर बैडमिंटन हॉल में शनिवार को 18 वर्ष से 44 वर्ष के 170 लोगों एवं 45 वर्ष से अधिक 37 लोगों ने टीकारण कराया। इस दौरान केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए कोरोना महामारी से बचने लोगों को कोविशील्ड एवं को वैक्सीन लगाया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों मे शुद्ध पेयजल मुहैया कराने 86 हजार परिवारों को प्रदाय किया जायेगा घरेलू नल कनेक्शन

■ **जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित**

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता मे जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे बताया गया कि बेमेतरा जिले को वर्ष 2021-22 के लिए 85977 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे 263 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 180 एकल ग्राम योजना से पूर्ण किया जाना है। 31 अगस्त 2021 के पश्चात् प्राप्त 22 योजनाओं की लागत 2209.62 लाख रुपये के प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। अभी तक 263 रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत 53071 एफएचटीसी एवं 65 एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 5386 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 254 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 65 एकल ग्राम योजना की निविदा जारी की गई है तथा अभी तक 114 निविदाओं के ग्राम 167 के 167 रेट्रोफिटिंग योजना, 62 ग्राम के 65 योजना में कुल 31849 एफएचटीसी हेतु राशि 79.91 करोड़ के कार्यादेश जारी किये गये है। शेष निविदा प्रक्रियाधीन है। कुल 18 निविदाओं के दर प्राप्त किये गये। जिसे समिति में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई। उपरोक्त प्राप्त दरों से समिति अवगत हुई एवं समिति द्वारा 15 प्रतिशत से अधिक एस.ओ.आर. दर पर प्राप्त 04 निविदा दर को अस्वीकृत किया गया एवं पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। शेष 14 निविदाओं के दरों को समिति द्वारा स्वीकृत किया जाकर अनुमोदन किया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले में कुल 1221 शालाओं में से 480, 988 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 704, 21 आश्रमों में से 9 तथा 151 स्वास्थ्य केन्द्रों में से 78 में रनिंग वाटर की व्यवस्था है। शेष केन्द्रों में 15वें वित्त आयोग की राशि से रिनंग वाटर की व्यवस्था की जानी है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा को 15 वें वित्त आयोग की राशि से कार्य पूर्ण करने हेतु आग्रह किया गया तथा यदि 15 वें वित्त आयोग की राशि कम पड़ती है, तो समिति की अनुशंसा पर जल जीवन मिशन की राशि से पूर्ण करने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। समिति द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा से स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम शाला, स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वाटर का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने बाबत् निर्णय लिया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर होगी स्वच्छता समिति की बैठक

बेमेतरा। गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को जिले के सभी गांवों में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और पानी समिति की बैठक भी आयोजित की जाएंगी। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन जीएन रामटेके ने बताया कि दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं के लिए गांवों की पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन, घरेलू कनेक्शन प्रदाय, भू-जल स्त्रोतों के स्थायीकरण, गंदे जल के निपटान आदि पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जल स्त्रोतों के गुणवत्ता परीक्षण अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता परीक्षण एफटी के यूजर ग्रुप का पंजीयनों के बारे में भी चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य योजनाओं के संचालन एवं संधारण का कार्य बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रेत माफियाओं पर कानून ...

ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने तीन रेत माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बावजूद इसके नींद में गाफिल अफसरों की आंखें नहीं खुल रही। यहां अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन दिन प्रति दिन ग्रामीणों एवं रेत माफियाओं के बीच संघर्ष की स्थिति निर्मित हो रही। ओवरलोड परिवहन के कारण सड़कें खराब हो रही तो दूसरी ओर हादसे भी लगातार हो रहे। जिससे गांवों में आक्रोश फैल रहा है। इसी का नतीजा कल यह हुआ कि जब ग्राम पंचायत गम्हरिया के दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा ओवरलोड रेत ट्रक को रुकवाया तो अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न लोगों के द्वारा गाली गलौच करते हुए गोली मारने की धमकी दे दी गई। इससे गांव में आक्रोश भड़क गया और दर्जनों ग्रामीण विजय नगर चौकी पहुंच कर रेत माफिया अर्पित मित्तल, नीरज ठाकुर और महेंद्र सिंह राजन के विरुद्ध लिखित शिकायत की। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पोकलेन से निकाल...

द्वारा रोक लगाई गई है। बिना भंडारण लाइसेंस के माफियाओं द्वारा हजारों ट्रक रेत का अवैध भंडारण कनहर नदी से निकाल कर किया गया है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक रेत यूपी भी भेजा जा रहा।

नहीं पहुंचा खनिज ...

वहीं रेत माफिया मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से विवाद कर गाली मारने की धमकी देने लगे। विवाद बढ़ने के बाद माफिया अपनी गाड़ी लेकर भाग निकले।

कृषि कानून के खिलाफ...

किया था, जो सफल रहा। संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से भारत बंद को ऐतिहासिक बताते हुए कृषि विरोधी कानून के पक्ष में चार श्रम संहिताओं के खिलाफ एक विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बंद को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ किसान आंदोलन, छत्तीसगढ़ किसान सभा, आदिवासी एकता महासभा और आम जनता से जुड़े सभी घटक संगठनों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार के कॉर्पोरेटपरस्ती के खिलाफउनका संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाता। देश को बेचने वाली नीतियों को त्यागा नहीं जाता। उन्होंने कहा है कि इस देशव्यापी बंद में 40 करोड़ लोगों की सीधी भागीदारी ने साबित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिए संघी गिरोह की साजिश कभी सफल नहीं होगी।

20 से अधिक जिलों में...

खिलाफअपनी आवाज बुलंद की।

किसान महापंचायत आज, ...

प्रमुख वक्ता के रूप में राकेश टिकैत, योगेंद्र यादव, दर्शन पाल सिंह, मेधा पाटकर और डॉ. सुनील सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले कृषि उपज मंडी परिसर में किसान महापंचायत होगी।

भगत सिंह की 125वीं जयंती और छत्तीसगढ़ के महान मजदूर नेता कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी की 31वीं शहादत दिवस पर कल किसान महापंचायत है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न किसान, मजदूर और किसान संगठनों के समन्वय से बनी छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में 28 सितंबर को 11 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण राजिम जिला गरियाबंद में एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित किसान नेता महापंचायत को संबोधित करेंगे।

एमएसपी पर केंद्र सरकार झूठ बोल रही है। सच्चाई यह है कि छत्तीसगढ़ में 14 क्विंटल 80 किलो प्रति एकड़ समर्थन मूल्य में तीन महीने खरीदी होने के बाद बाकी फसल को किसान औने-पौने दाम पर खुले बाजार में बेचने को मजबूर होते हैं। धान को किसानों ने समर्थन मूल्य से 600 रुपए प्रति क्विंटल घाटे में बेचा है। ऐसे समय में किसान महापंचायत के आयोजन से किसानों को अपने अधिकार के लिए संघर्ष को और मजबूत करने की दिशा में प्रेरित करना है। विशाल किसान महापंचायत के लिए राजिम को इसलिए चुना, क्योंकि राजिम चार जिलों गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी और रायपुर के नजदीकी है। दूसरे जिलों के किसान भी यहां आसानी से पहुंच सकते हैं।

कांग्रेस नेता और पत्नी ...

(मित्तल निवास) में दो लोगों की हत्या कर चोरी करना भी स्वीकार किया। तीनों ने घटना के मुख्य आरोपी अक्षय प्रधान व फरार आरोपी संदीप कोंदा के साथ 6 लोगों द्वारा घटना को अंजाम देना बताया। पुलिस की टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपी अक्षय प्रधान व चारों नाबालिग को पकड़ लिया। इसके बाद इस अंधे हत्याकांड का खुलासा हुआ।

जीपी सिंह पर सुप्रीम ...

में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर लेते हैं और उनके विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। बाद में विरोधी सत्ता में आते हैं तो पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। इस हालात के लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। उनको कानून के शासन पर टिके रहना चाहिए. इसे रोकने की जरूरत है।'

निलंबित आईपीएस को रहत देते हुए उन पर तल्ख टिप्पणी भी की है। वकील के बयान पर सीजेआई एन.वी.रमण ने कहा किअगर आप सरकार के करीबी होकर ऐसा करते रहते हैं, तो आपको भुगतान ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसे अधिकारियों को सुरक्षा क्यों दें, देश में नया ट्रेंड चला है लेकिन उन्हें जेल जाना होगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 1994 बैच के अधिकारी गुरजिंदर पाल सिंह पर जब 1 जुलाई 2021 को छापा मारा गया था, तब उनके पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने का पता लगा था। इसी के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था और सर्वोच्च अदालत ने सख्त रुख अपनाया।

प्रचार के आखिरी दिन ...

ने उनसे कई बार मुलाकात की, लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।''

चुनाव आयोग ने आज भवानीपुर के हंगामे को लेकर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग ने शाम चार बजे तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

चक्रवात गुलाब का असर..

दौरान दिल्ली, यूपी के अलीगंज, कासगंज, सिकंदर राव, हरियाणा के होडल, गुरुग्राम, तिजारा, रेवाड़ी, औरंगाबाद व राजस्थान के अलवर, डीग, लक्ष्मणगढ़, राजगढ़, बयाना के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता के साथ गरज के साथ बारिश होगी।

अगले 24 घंटे के दौरान इन राज्यों में बारिश के संकेत

स्काईमेट वेदर के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान, तेलंगाना, दक्षिण छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा, गुजरात, तटीय आंध्र प्रदेश, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, केरल, तटीय कर्नाटक, लक्षद्वीप, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

एन एम डी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स
किरन्दुल-494556, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
ग्रामः आयरनओर, फैक्सः 07857-255226,255227,255225
CIN - L13100TG1958GOI001674

क्र.बी.आई.ओ.एम.किरन्दुल/कॉम्प./सिविल/ 2510/2021 — दिनांक 26.09.2021

प्रेस अधिसूचना

बीआईओएम, किरंदुल काम्प्लेक्स, किरंदुल निम्नलिखित कार्यों के लिए सीपीडब्ल्यूडी, राज्य पीडब्ल्यूडी, सार्वजनिक उपक्रम, रेलवे अथवा एम.ई.एस. में पंजीकृत, वित्तीय रूप से सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो बिड प्रणाली में मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा दस्तावेजों को निम्नलिखित वेब साइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	बयाना राशि जमा	समाप्ति अवधि (माह में)	निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अवधि	निविदा प्रस्तुति की नियत तिथि	निविदा खुलने की तिथि और समय
1	डिपोसिट-11 बी में Y जंक्शन से ह्यड्रेंट पॉइंट तक बिटुमिनस अप्रोच रोड निर्माण का कार्य।	रू. 48.81 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फार्म-सी के अनुसार निविदाकर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना जमा राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को सम्मिलित कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	01.11.2021 को 15.00 बजे तक	01.11.2021 को 15.30 बजे तक
2	प्रशिक्षण संस्थान किरंदुल के द्वितीय तल में भंडार कक्ष, डाइनिंग और मॉडल कक्ष का निर्माण कार्य।	रू. 46.72 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	बी.आई.ओ.एम., किरन्दुल काम्प्लेक्स टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदाकर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	01.11.2021 को 15.00 बजे तक	01.11.2021 को 15.30 बजे तक
3	डिपोसिट-11 बी के मोड़ 8 और 6 के मध्य में डम्पर प्लेटफार्म और रिटैनिंग वॉल के ढलान संरक्षण हेतु आरसीसी कल्वर्ट का निर्माण कार्य।	रू. 71.08 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदाकर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	02.11.2021 को 15.00 बजे तक	02.11.2021 को 15.30 बजे तक
4	किरंदुल के लोडिंग प्लांट में कार्यशाला का निर्माण कार्य।	रू. 33.04 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	02.11.2021 को 15.00 बजे तक	02.11.2021 को 15.30 बजे तक
5	डिपोसिट -14 के सर्विस सेंटर के छत के चादर का प्रतिस्थापन और संरचनात्मक पेंटिंग का कार्य।	रू. 74.04 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदाकर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	05.11.2021 को 15.00 बजे तक	05.11.2021 को 15.30 बजे तक
6	किरंदुल के उत्कल समाज और महाराष्ट्र भवन के नवीनीकरण का कार्य।	रू. 49.55 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	05.11.2021 को 15.00 बजे तक	05.11.2021 को 15.30 बजे तक
7	टाइप-IV/TS(फेज-1) कवाटर के समीप टाइप-III कवाटर हेतु 32 नग कार पार्किंग शेड का निर्माण कार्य।	रू. 61.89 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	12 (बारह माह) (वर्षा ॠतु को सम्मिलित कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	06.11.2021 को 15.00 बजे तक	06.11.2021 को 15.30 बजे तक
8	किरंदुल के अतिथि गृह के पीछे 04 (चार) चालक कक्ष और रसोईघर का निर्माण कार्य।	रू. 63.12 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	12 (बारह माह) (वर्षा ॠतु को सम्मिलित कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	06.11.2021 को 15.00 बजे तक	06.11.2021 को 15.30 बजे तक
9	आंबेडकर भवन किरंदुल में खुला हॉल का निर्माण कार्य।	रू. 32.88 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.30 बजे तक
10	किरंदुल नाले के साथ रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	रू. 50.82 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदाकर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	06 (छह माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.30 बजे तक
11	किरंदुल के 614 कन्वेयर के 525 रोलर के समीप डोजर क्रॉस ओवर का निर्माण कार्य।	रू. 67.60 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	टी पी एफके फॉर्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी/ बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा।	09 (नौ माह) (वर्षा ॠतु को छोड़कर)	01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.00 बजे तक	07.11.2021 को 15.30 बजे तक

निविदा आमंत्रण सूचना, पूर्व पात्रता की शर्तें, अन्य निविदा शर्तो तथा पूर्ण पता व विवरण आदि के लिए निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे हमारी वेब साइट www.nmdc.co.in को देखें । शुद्धिपत्र और परिशिष्ट केवल एन.एम.डी.सी. वेबसाईट पर ही उपलब्ध किए जाएगें। भावी निविदाकर्ता शुद्धिपत्र और परिशिष्टयदि कोई हो तो उसे देखने हेतु समय समय पर हमारी एन.एम.डी.सी. वेबसाईट को देखें।

एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के लिये एवं पक्ष में
अधिशासी निदेशक
बी.आई.ओ.एम., किरन्दुल काम्प्लेक्स

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

महेंद्र सिन्हा बने जिला युवा कांग्रेस के सचिव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस राजनांदगांव के नव नियुक्त जिला सचिव महेंद्र सिन्हा घुमका ब्लॉक के ग्राम मकरमपुर के युवा नेता जो निरंतर पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया, इसके परिणाम स्वरूप आज युवा संगठन ने इनकी इस मेहनत, लगन का जिला युवा कांग्रेस सचिव बनें। राजनांदगाव संकल्प शिविर में पहुंचे प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णचंद्र कोकोपाढ़ी व प्रदेश प्रभारी एकता ठाकुर, जिला अध्यक्ष मनीष निर्मल ने महेन्द्र सिन्हा जिला युवा कांग्रेस सचिव का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही साथ, अन्य जिला पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव युवा कांग्रेस प्रभारी, गुलजेब अहमद, विधायक अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, जिला सह महासचिव रवि साहू, ब्लाक अध्यक्ष गुरभेज सिंह मखीजा, नवनीत सिंह एवं युवा कांग्रेसी की उपस्थिति रही।

पीएससी में चयन होने पर हिमांशु वर्मा का कुर्मी क्षेत्रिय समाज ने किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के पावन धरा ग्राम सेवार में निर्धारित मासिक बैठक राज प्रधान भुनेश्वर वर्मा और स्वजातीय बंधुओं के बीच संपन्न हुआ जहां समाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया जहां विशेष रूप से प्रमोद नायक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक संभाग बिलासपुर जिले का अध्यक्ष बनाए जाने एवं हिमांशु वर्मा का पीएससी में चयन होने पर समाज द्वारा सम्मानित किया गया तथा भाई नायक द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम सेवार में संचालन के लिए लता वर्मा एवं प्रवीण वर्मा का सम्मान किया गया जिसमें विशेष रूप से राज प्रधान, भुनेश्वर वर्मा कार्यालय सचिव, किशोर वर्मा सचिव, अरूण वर्मा, बिलासपुर नगर इकाई की महिला अध्यक्ष उषा वर्मा, सलाहकार संतोष वर्मा, भरत वर्मा, गणेश वर्मा, पूर्व सचिव सुरेश वर्मा, ओमप्रकाश बघेल, उपराज प्रधान, तिलक बघेल, श्रवण वर्मा, बिलासपुर नगर अध्यक्ष चन्द्र वंशी, पूर्व सरपंच सुहेला धनेश्वरी नायक, शीतल वर्मा एवं पूर्व राज्यमंत्री लाभेश चवरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्रीमती निर्मला द्विवेदी का निधन

राजनांदगांव। नगर निगम के मुख्य कार्यपालन अभियंता दीपक जोशी की सासू मां निर्मला द्विवेदी का 84 साल की आयु में शुक्रवार की रात 12.30 बजे निधन हो गया। उन्होंने सी4/54, सूर्यविहार कॉलोनी भिलाई स्थित अपने निवास में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे दो बेटे एवं तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को भिलाई में किया गया। शव यात्रा में बड़ी संख्या में परिजनों सहित गणमान्य लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

15 वर्षो में भाजपा ने डकैतों की तरह शक्कर कारखाना को लूटा, अब कांग्रेस भी भाजपा की तरह डकैत बनकर लुटने लग गई : सुनील

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखान में बैठे श्रमिकों को समर्थन देने के लिए जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ पहुंचे और वहां उपस्थित श्रमिकों की मांग को जायज बताते हुए समर्थन दिया।

जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को हक के लिए हमेशा लड़ना पड़ता है यदि नहीं लड़ेंगे तो ये तानाशाह लोग हमें लूटते रहेंगे। शक्कर कारखाना के 17 वर्ष होने के बाद भी श्रमिकों को मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पदानुरूप न तनख्वाह न समय पर वेतन न तो इंक्रीमेंट किया जाता न ही लाभांश की राशि दी जाती है। 15 वर्षो में भाजपा ने डकैतों के तरह शक्कर कारखाना को लूटा जितने अधिकारी नेता जनप्रतिनिधि आए मालामाल हो गए अब सिर्फ चहेरा बदला कांग्रेस भी भाजपा की तरह डकैत बनकर लूटने लग गयी है। चुनाव के समय केबीनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने वादा किया, वोट लिया अब वोट लेने के बाद चोट देने लग गए। 2014 में श्रमिक यूनियन और प्रबंधक के बीच लिखित में आश्वसन दिया गया था उसके बाद भी अमल नहीं हुआ।

केशरवानी ने कहा कि हमने इतिहास देखा तो नहीं लेकिन पढ़ा

है पहले अंग्रेज किसी भी गरीब, मजदूर, आंदोलनकारी, स्वतंत्रता सेनानी को तोड़ने के लिए फुट डालो शासन की नीति अपनाते थे उसी तरह यहां के अंगरजरूपी शासन प्रशासन हमारे आंदोलन को तोड़ने के लिए फूट डालो शासन करो कि नीति अपनाती है। मैं यह बात क्यों कह रहा हूँ आप समझ जाइये?

स्व. प्रथम मुख्यमंत्री जोगी का सपना था कि कवर्धा के किसान मजदूर का विकास हो उन्हें भटकना न पड़े इस कारण अल्प समय में यह कारखाना बनाया और सफल भी हुआ। दुर्भाग्य था उन्हें सिर्फ कारखाना बनने के बाद दुबारा छत्तीसगढ़ प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला अन्यथा उन्हें मौका मिलता तो आज ऐसे हड़ताल के लिए बैठना नहीं पड़ता। इस दरमियान यूनियन संघ के अध्यक्ष जगदीश बंजारे, रामचन्द्र लांझी जोगी कांग्रेस के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश पात्रे, जे डी मानिकपुरी, हेमचन्द वारते, बंटी बंजारे सहित कारखाना के श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कबाड़ से जुगाड़ की प्रदर्शनी में उभरकर सामने आया स्कूली छात्रों का हुनर

जिला ग्रंथालय परिसर में आयोजित की गई प्रदर्शनी

कवर्धा/नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय विभिन प्रतियोगिताओं यथा लेखन कौशल, पठन कौशल, हस्तलिखित पुस्तिका निर्माण, गणितीय कौशल एवं कबाड़ से जुगाड़ से विविध उपयोगी सामग्री निर्माण की प्रतियोगिता स्वामी करपात्री स्कूल एवं जिला ग्रंथालय परिसर में संयुक्त रूप से आयोजित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने घुम-घुमकर बच्चो द्वारा बनाई गई कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके प्रदर्शनी की सराहना की।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोरोना के संकटग्रस्त काल एवं विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा विभाग अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न महति कार्यक्रम का संचालन किया गया। एक तरफ बेस लाइन सर्वे परीक्षा एवं दूसरी तरफ अभिव्यक्ति एवं अनुप्रयोग कौशलों के विकास के लिए इस तरह के आयोजन किये जा रहे। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा आते रहते है। प्रतिभावान बच्चे क्लस्टर स्तर से चयनित होकर ब्लाक स्तर से विज्ञान प्रदर्शनी में चयन होकर जिला स्तर व राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें। नवाचार और टीचर लर्निंग बच्चों में विषय की समझ विकसित करने के लिए एक अच्छा माध्यम है, प्रदर्शनी से बच्चों को कबाड़ से जुगाड़ करके सीखने को मिलता है।

शासकीय कमलादेवी महाविद्यालय में योग की एकवर्षीय पाठ्यक्रम प्रारंभ

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। राजनांदगांव के शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2021-22 से योगा एजुकेशन एवं फिलोसॉफी में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ हो रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

इच्छुक छात्राएं प्रवेश लेने के लिए हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग के पोर्टल https://www.durguniversity.ac.in में 30 सितंबर 2021 को समय दोपहर 1 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस कोर्स में कुल-25 सीटे है। प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। उक्त जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने दी।

पीड़िता से अनाचार कर गर्भपात कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 23 जुलाई 21 को पीड़िता थाना आकर लिखित आवेदन पेश किया कि आरोपी भक्त राज ढीमर द्वारा पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाकर गर्भपात कराना एवं गर्भपात कराने में आरोपी के परिजनों का सहयोग होना तथा गर्भपात न कराने पर जान से मारने की धमकी देना कि प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अपराध 323/21 धारा 376 (2)(द), 313, 506, 34 भादंवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है।

वरिष्ठ अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक लोकेश देवांगन के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक शिवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया।

आरोपी घटना दिनांक के बाद से लगातार सकुनत से फरार चल रहा था। आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाये गये थे कि मुखबीर से सूचना प्राप्त की आरोपी अटल आवास तरफ घुमते हुए दिखा है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया।

टूलकिट मामले में अफवाह फैला रहे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन, जनता को बताए सच : रोशनी

नवप्रदेश संवाद्दाता

पूर्व सीएम से सवाल

राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के ऊपर टूलकिट मामले को लेकर लगे आरोप के संबंध में न्यायालय के क्लीनचिट को जनता के बीच बताने के बजाय ढाई-ढाई साल सरकार बदलने वाली मुद्दे को बार-बार बोल कर जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश पूर्व सीएम कर रहे। शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोशनी सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस आप से पूछ रही है कि टूलकिट मामले पर कोर्ट से क्लीन चिट मिला है या मीडिया के माध्यम से अफवाहें उड़ाई जा रही है। सार्वजनिक करें, इस चुनौती को स्वीकार करने के बजाए ढाई-ढाई साल वाली मुख्यमंत्री बदलने की बातें बोलकर ध्यान भटकाया जा रहा है, यह गलत बात है और कोर्ट का अवहेलना है।

आज इस विषय को लेकर जनता जानना चाह रही है तो उसको जवाब देने के बजाय दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए जले हुए अग्नि के शिखाअं में फूंक मारने का दुस्साहस कर रहे हैं। ढाई साल वाली सरकार बदलने की बातें कोरी अफवाह है।

सरकार के कामकाज से छत्तीसगढ़ की जनता खुश है और भूपेश सरकार के नेतृत्व में ढाई साल में जो काम हुआ है, वह पिछले 15 सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी उसमें नहीं हुआ था, रही बात माओवादी जिला मुख्यालय की ओर बढ़ रहे हैं यह कहना आपका अधिकार नहीं बनता, क्योंकि माओवादी हमले में आपके सरकार के समय हमारे कांग्रेस के कई दिग्गज शहीद हुए हैं जिसको बताने की जरूरत नहीं है।

छत्तीसगढ़ की जनता ही नहीं पूरे देश की जनता वाकिफ है कि आप के शासनकाल में जनता की सुरक्षा तो दूर की बात नेता और अफसर तक सुरक्षित नहीं थे।

3 लाख 24 हजार हेक्टेयर में धान की खेती

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में इस बार खरीफ में 3 लाख 24000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान फसल लगाया गया है, बारिश ने भी कृषकों को निराश नहीं किया है। जिले में आज तक 902 मिमी से भी अधिक वर्षा हुई है, जिससे इस वर्ष किसानों को अधिक पैदावार मिलने की उम्मीद है, चूंकि भारी वर्षा के बाद तेज धूप निकलने से उमस बढ़ने लगता है। जिससे खेतों में कीट व्याधि का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।

किसान लगातार खेती एवं फसलों की निगरानी करते रहें। जिन क्षेत्रों में धान की हरूणा या जल्दी पकने वाली किस्में लगाई है, वे अभी पुष्पन की अवस्था में है। यदि 50 प्रतिशत पुष्पन हो चुका है, तो नत्रजन तृतीय किश्त का छिड़काव करें, पोटाश की सिफारिश मात्रा का 25 प्रतिशत भाग फूल निकलने की अवस्था पर टॉप ड्रेसिंग करने से धान के दानों की संख्या एवं वजन में वृद्धि होगी। धान की फसल पर पीला तना छेदक कीट के वयस्क दिखाई देने पर तना छेदक के अंडा समूह को एकत्र कर नष्ट कर दे। साथ ही सूखी पत्ती को खींचकर निकाल दे। तनाछेदक की तितली 1 मोथ प्रति वर्ग मीटर में होने पर फिप्रोनिल 5 एससी 1 लीटर प्रति दर से छिड़काव करें। धान की फसल पर कहीं-कहीं माहूं कीट का प्रकोप शुरू हो गया है, धान फसल की सतत निगरानी करें एवं कीटों की संख्या 10-15 प्रति पौधा हो जाने पर शुरूआत में ब्युपरोफेजिन 800 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश

कवर्धा। कलेक्टर रमेश शर्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिले के राइस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के बाद भारतीय खाद्य निगम (एफ सीआई) में धान उठाव के विरूद्ध चावल जमा नहीं करने पर कड़ी नराजगी जताई है। कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को सितंबर माह के अंत तक चावल जमा नही करने वाले जिले के राइस मिलर्स के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को राइस मिलों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर टीलए बैठक में यह निर्देश दिए। एफओ ने बताया कि जिले में 57 राइस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग की जाती है। 55 राइस मिलर्स द्वारा अरवा और दो राइस मिलर्स द्वारा उसना चांवल तैयार किया जाता है। 37078 मैट्रिक टन का धान उठाव किया गया है।

मवेशियों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे बुड़ेरा के ग्रामीण

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बुड़ेरा में गौठान के लिये आरक्षित जमीन में गांव के कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने विरोध में अनोखा प्रदर्शन करते मवेशियों के साथ खरोरा तहसील पहुंचे ग्रामीण।

खरोरा समीप ग्राम पंचायत बुडेरा मे गौठान के लिये आरक्षित भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर तार घेर रखा है। सरपंच व ग्राम सभा के द्वारा अतिक्रमण कारियों को गौठान की जमीन को कब्जा मुक्त करने के बात पर बेजाकब्जा धारी इंकार कर दिया जिससे नराज ग्रामीणों ने अनौखा प्रदर्शन करते मवेशियों के साथ रैली के रूप में नारेबाजी करते खरोरा तहसील पहुंचे जहां तहसीलदार की अनुपस्थिति में बाबू को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम पंचायत बुडेरा के सरपंच पंकज कुर्रे व ग्राम सभा के अध्यक्ष राजा साहू ने बताया कि गांव के आरक्षित गौठान की जमीन को कब्जा कर घेरा कर अपने उपयोग के लिये कर रहे हैं, जमीन को कब्जा मुक्त करने को लेकर कब्जाधारियों द्वारा सहयोग नहीं करने के चलते खरोरा तहसील कार्यलय में आवेदन दिया, अगर गौठान की जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया गया तो आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

4 विपत्तिग्रस्त परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा। कलेक्टर रमेश शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत रेंगाखार तहसील के ग्राम तितरी निवासी सुनील की कुंआ में गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती हेमबती, कवर्धा तहसील के ग्राम घोटिया निवासी नीरज बाई की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त युवराज बंजारे, महेश्वर बंजारे एवं मधु बंजारे (मृतिका के पुत्र-पुत्रियों), पंडरिया तहसील के ग्राम नवागांव हटहा निवासी मंजीत बंजारे की बिच्छु काटनेसे मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त भागवत (मृतक के पिता) और ग्राम बोड़तराखुर्द निवासी मन्नूराम निर्मलकर की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रवण कुमार (मृतक की पिता) को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

जर्जर सड़कों की मरम्मत करने की मांग, जोगी कांग्रेस ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अजीत जोगी जनता कांग्रेस के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन अग्रवाल के मार्गदर्शन में शहर जिलाध्यक्ष शमशुल आलम के नेत्तृत्व में बिलाल सोलिन खान, देव सिन्हा, कृष देशमुख, जफर खान, अनिश आलम निगम क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कराने के लिए नगर निगम महापौर हेमा देशमुख को ज्ञापन के माध्यम से मांग की है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र की सड़कें खस्ताहाल होती जा रही है। जिसके कारण नागरिकों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। बारिश के कारण सड़कों पर गड्ढ़े हो गए, जिसके कारण दुर्घटना की लगातार संभावना बनी रहती है। पोस्ट ऑफिस चौक से लेकर, महावीर चौक, अम्बेडकर चौक के साथ-साथ बसंतपुर और ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले मार्ग पर गड्ढ़े ही गड्ढ़े हो गए हैं जिन पर पानी का जमाव हो जाने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

बार-बार ध्यानाकर्षण कराए जाने के बाद भी खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है। जिसके कारण लगातार दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, अगर जल्द ही मरम्मत नहीं की गई तो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

अडसेना में मनाया गया दीनदयाल जयंती

खरोरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मण्डल के ग्राम अडसेना में बूथ स्तरीय पंडित दीनदयाल की जयंती डॉ. गुलाब सिंह टिकरिहा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व सदस्य केंद्रीय रेलवे बोर्ड, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, महामंत्री द्वय घनश्याम चंद्राकर, दुलेस साहू, जिला महामंत्री फणेन्द्र वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष छ्गन यादव, सरपंच डॉ. तेजपाल, जनपद सदस्य झरना वर्मा, कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सीटू भाटिया, गजेंद्र वर्मा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य, व मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ के सभी कार्यकर्ता जिसमें से राजेन्द्र खूंटे, उप सरपंच विजय मारकंडे, राजू वर्मा, किसुन वर्मा, गिरधारी वर्मा, गोविन्द खूंटे, रवि निषाद, चुन्नी पाल, नकुल निर्मलकर, बलराम वर्मा, रामजी निषाद, घनाराम वर्मा, प्यारे वर्मा, गणेश वर्मा, किसुन वर्मा, सोनू वर्मा, मन्नू निषाद, शिवचरण निषाद, पुनु राम वर्मा, मुकेश खूंटे, प्रताप मारकंडे, राजेंद्र वर्मा, बिसौहा पाल, सुदर्शन वर्मा, रामकुंवर निषाद, ललिया निषाद, सावित्री निषाद, जानकी निषाद, मालती वर्मा, धनेश्वरी यादव, गिरजा सोनी, ईश्वरी पाल, सोनू वर्मा, शीतल वर्मा कौशल वर्मा, युवराज पाल, चेतन वर्मा, मोरध्वज पाल उपस्थित हुए।

भटगांव में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव में भाजपा मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नगर के बूथ क्रमांक 165 ब्राम्हण पारा में मनाई गई। जहां भटगांव मंडल के कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नवीन वैष्णव ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने देश को सुचिता की राजनीति का दर्शन दिया है।

उन्होंने कभी भी विचारधारा से कभी भी कोई समझौता नहीं किया। वे कार्यकर्ता के प्रति जितने सरल और व्यावहारिक रहे, उतने ही कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व रहे है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरदृष्टि सोच के महान विचारक थे। उन्होंने कहा था कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर बैठे सबसे नीचले स्तर का व्यक्ति देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठेगा, वहीं भारत के लोकतंत्र की असली सफलता होगी।

आज वहीं विचार पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को मिला है। वहीं बूथ क्रमांक 165 अध्यक्ष सुरेश रघु ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महान विचारक व भाजपा के आदर्श पुरूष थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को वैकल्पिक विचार दिया, जिसको भाजपा ही नहीं अन्य दलों ने भी स्वीकार किया है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन को देश ही नहीं विश्व ने भी स्वीकार किया है।

लोक कलाकार कल्याण संघ औंधी के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

औंधी/नवप्रदेश। औंधी राजकट्टा में 26 सितंबर को मानपुर औंधी क्षेत्र के समस्त लोक कलाकारों एवं सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित कर छत्तीसगढ़ लोक कलाकार कल्याण संघ को विस्तार देते हुए सदस्यों के बीच बैठक संपन्न हुई, जिसमें मानपुर ब्लॉक के लोक कलाकार कल्याण संघ के पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। मानपुर ब्लॉक के अध्यक्ष गुहरी राम पटेल, उपाध्यक्ष धनराज खरें, सचिव अजय जाड़े, सहसचिव रोशनी निषाद, कोषाध्यक्ष रुपचंद्र अमिला, उपकोषाध्यक्ष भागवत साहू, संगठन मंत्री संतु उमरिया, ब्लॉक प्रभारी ओम लाल आर्य, संयोजक अमर सिंहपाल, प्रवक्ता अभिमन्यु मंडवी, मीडिया प्रभारी रुपेश कोटपरिया, संरक्षक प्रदीप रजक एवं सदस्यगण उमेश, पवन एवं आसपास के समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

सरपंच-सचिव को हटाने ग्रामीण उतरे सड़क पर, 3 घंटे तक जाम रहा एनएच

ग्रामीणों को मनाने अधिकारियों के छूटे पसीने

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। ग्राम पंचायत कोपरा के सरपंच-सचिव को पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत कोपरा में हुए विकास कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इसके अलावा ग्राम पंचायत में ग्रामीण व्यवस्था को लेकर ग्रामीण गुस्साए हुए है।

सरपंच व सचिव के भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को नेशनल हाईवे 130 सी पर सुबह 11 बजे से चक्काजाम किया गया। जो 3 घंटे बाद जनपद सीईओ व तहसीलदार के लिखित आश्वासन के बाद दोपहर 2 बजे चक्काजाम खोला गया। इस दौरान ग्रामीणों को समझाने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। ग्राम पंचायत कोपरा में सरपंच-सचिव के कार्यप्रणाली व उनके द्वारा किये गए विभिन्न भ्रष्टाचार पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध ग्रामीण इस बार आक्रोशित तेवर दिखाते हुए रविवार को नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ रही। जो सरपंच-सचिव हटाओ, गांव बचाओ के नारे लगाते हुए मार्ग में आने वाले सभी वाहनों को लिखित आश्वासन मिलने तक रोककर रखा था। वही कुछ एमरजेंसी को वाहनों को आने जाने दिया जा रहा था। कृषि समिति के अध्यक्ष भानुप्रताप साहू, उपसरपंच राजेश यादव, डोमेश्वर यादव, रिकेश साहू, यामिनी साहू, केंवरा साहू आदि ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव के ऊपर कार्रवाई के लिए ज्ञापन में पांच बिंदु में कार्रवाई करने की बात कहा गया था कि रेत घाट के लिए स्वीकृत खसरा नंबर में रेत उत्खनन न कर पाने की स्थिति में रेत माफिआओं को बिना प्रशासन की अनुमति से सरपंच द्वारा अपनी ही मर्जी से अन्य खसरा नंबर में रेत उत्खनन का स्वीकृति दिया गया। जिसे ही रेत माफिआओं द्वारा बारिश काल के लिए सैकड़ों हाइवा ट्रिप डंप किया गया है। वही सरपंच द्वारा 14वे व 15वे वित्त की राशि को हड़पने की नीयत से अपने पति के बैंक खाते में हस्तांतरित करना। इसी तरह पिछले पंचवर्षीय में सरपंच द्वारा स्वच्छ भारत मिशन व मनरेगा के तहत ग्राम के अनेक हितग्राहियों का दोनो ही सूची में नाम दर्शाकर एक मद से शौचालय बनवाकर दूसरे मद की राशि का लगभग 70 लाख रुपये गबन की शिकायत। इसके अलावा ग्राम के भंगा डबरी को 14वे वित्त की राशि से पटवा दिया गया। जिसकी शिकायत पर तत्कालीन जिला सीईओ द्वारा जांच कर कार्रवाई के लिए एसडीएम राजिम को प्रस्तुत किया गया। लेकिन अब तक सरपंच के ऊपर कोई कार्रवाई न होना। वही पंच व पंच पतियों के बैंक खाते में हजारो रुपये फर्जी तरीके से डाला गया। जिसकी शिकायत जनपद सीईओ से करने पर भी कोई कार्रवाई न होना। इन सभी शिकायतों पर किये गए चक्काजाम शुरू होते ही पाण्डुका थाना अपने दल बल सहित प्रदर्शन स्थल में पहुंच गए थे। जो भीड़ को उग्र होने से रोके हुए थे। लेकिन जैसे जैसे प्रदर्शनकारियों की भीड़ बढ़ती देख अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व गरियाबंद थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम सहित भारी मात्रा में कोपरा के प्रदर्शन स्थल पहुंच कर भीड़ को काबू करने की कोशिश करते रहे। लेकिन भीड़ जब तक सरपंच सचिव के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नही होने की दशा में प्रदर्शन स्थल को छोड़ने तैयार नही थे। राजस्व विभाग विभाग से पहुंचे तहसीलदार अनुपम टोप्पो, नायब तहसीलदार अंकुर रात्रे ने भी भीड़ को हटाने गांव के जनप्रतिनिधियों से बात किये।

महतो के गलत नीति से पब्लिक और भी उग्र

शाति तरीके से हो रहे आंदोलन के बीच एडिशनल एसपी संतोष महतो के गलत नीति से पब्लिक और भी उग्र हो गए थे। एएसपी श्री महतो ने शांत तरीके से सड़क पर बैठे लोगों से बहुत ही गंदे तरीके से पेश आया जिससे आंदोलन कारी लोग पहले से ज्यादा उग्र हो गए,जिनका दुष्परिणाम ये हुआ कि आंदोलन का समय और बढ़ गया। एसएसपी श्री महतो ने पंडाल में लगे साउंड सिस्टम को उखाड़ फेंका,वहीं ग्राम प्रमुखों से गलत तरीके से गन्दे शब्दो मे पेश आया जिसके चलते पब्लिक में रोष और बढ़ गया। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने भी ठोस कार्रवाई के बाद ही भीड़ हटाने की बात कही। तहसीलदार व जनप्रतिनिधियों की बात लंबी चली जिसमे तहसीलदार के पसीने छूटते दिखाई दिए। इन सबसे कोई नही निकलते देख जनपद सीईओ केके डहरिया प्रदर्शन स्थल पहुंचकर कांजी हाउस के ताला को खोलने की बात कही और पंचायत सचिव उत्तम साहू को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। वही सरपंच डॉ डाली साहू के खिलाफधारा 39 के तहत सोमवार को अनुशंसा कर जिला पंचायत सीईओ को भेजा जाएगा। तथा सरपंच के वित्तीय पावर पर रोक लगाते हुए पूर्व में सरपंच के खिलाफलंबित मामलों पर 10 दिवस के भीतर जांच उपरांत कार्रवाई करने ग्रामीणों को लिखित में आश्वासन दिया गया। तब जाकर कहीं ग्रामीण शांत हुए। वही चक्काजाम समाप्त की घोषणा होते ही चक्काजाम में उपस्थित भीड़ को पता चला कि रविवार को भी पंचायत सचिव उत्तम साहू पंचायत भवन में अंदर से ताला लगाकर कुछ काम करने की जानकारी मिलते ही एक बार ग्रामीण फिर उग्र हो गए, और पंचायत भवन पहुंच कर ताला खोलवाकर कुछ कार्य कर रहे सचिव को कार्य करने से मना किया गया। और पाण्डुका पुलिस की उपस्थिति में सील पंचनामा कर दस्तावेज रखे कमरे को सील किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान कृषि विकास समिति अध्यक्ष भानुप्रताप साहू, पूर्व जनपद सदस्य नारायण साहू, डीहु साहू, विजय साहू, रिकेश साहू, उपसरपंच राजेश यादव कमलेश साहू,महेश साहू, सुरेश साहू, मोतीलाल साहू, ठाकुर राम साहू, ओंकार सिंह ठाकुर, नंदकुमार साहू, अवध सिन्हा, डोमेश्वर यादव, नारायण साहू, यामिनी साहू, केंवरा साहू, योगेश्वरी साहू आदि सैकड़ो महिला पुरूष शामिल थे।

ग्राम पंचायत कोपरा के संबंध में जिला स्तरीय जांच समिति गठित

ग्राम पंचायत कोपरा के उप सरपंच राजेश यादव एवं अन्य 04 पंचों के द्वारा ग्राम पंचायत कोपरा के सरपंच और सचिव के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल द्वारा जिला स्तरीय जाँच समिति गठित किया जाकर जाँच हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में 04 सितम्बर 2021 को उप संचालक पंचायत, तकनीकी समन्वयक मनरेगा एवं जिला समन्वयक जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा ग्राम पंचायत कोपरा में शिकायत जॉच हेतु पहूँचे। जांच के दौरान शिकायतकर्ता उप सरपंच एवं पंचों और सरपंच सचिव तथा अन्य पंचों का बयान दर्ज किया गया है। जाँच समिति द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन में पाये गये तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जावेगी। विदित हो कि इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत कोपरा में बिना सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त किये भंगाडबरी को 14वें वित्त मद की राशि से पटवाया गया है, जिसमें तत्कालीन सचिव दीनू राम यदु के विरुद्ध विधिवत विभागीय जॉच की कार्यवाही किया जाकर वित्त आयोग के नियमों के विरुद्ध भंगाडबरी पटवाये जाने के कारण 1 लाख 50 हजार रुपये की वसूली संबंधित सचिव एवं सरपंच डॉली साहू से किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम को पत्र लेख किया गया है।

लॉकडाउन में भी लॉक नहीं रहा भ्रष्टाचार
स्वास्थ्य विभाग में जमकर हुई गड़बड़ी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान भ्रष्टाचार पर लॉक नहीं रहा। मरीजों के इलाज के नाम पर स्वास्थ्य विभाग ने जमकर बंदरबांट की है। इसका खुलासा सूचना के अधिकार के तहत निकाली गई जानकारी से हुआ है। एसी व कूलर खरीदी के साथ-साथ पल्स ऑक्सीमीटर खरीदी में भी लाखों रुपए की गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। स्वास्थ्य महकमा बाजार में 4 सौ रुपए तक मिलने वाली ऑक्सीमीटर को 12 सौ रुपए तक में खरीदी कर शासन को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया है। कोरोना काल में एक ही सप्लायर को करोड़ों की मेडिकल सामग्रियों के सप्लाई करने का ऑर्डर देने का प्रकरण अपने आप में स्वास्थ्य विभाग के साठगांठ को उजागर करता है। शहर में मेडिकल फर्म्स की प्रतिष्ठित कई दुकानें हैं, इसके बाद भी जिस फर्म के पास कभी स्वास्थ्य विभाग में सप्लाई करने का अनुभव ही नहीं था उसे ही करोड़ों का वर्क ऑर्डर देना कई सवालों की ओर इंगित करता है।

कोरोना काल में मरीजों की जान बचाने एक ओर समाज सेवी आगे बढ़कर लोगों को राशन और हरसंभव मदद के तत्पर रहे तो दूसरी ओर धरती के भगवान कहलाने वाले स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सफेद कोट पहनकर मरीजों की सुविधाओं में विस्तार के नाम पर जमकर लूट मचाई है। कोरोना काल के वो भयावह दृश्य आज भी लोगो को याद है, जब लोगों की जान बचाने हर कोई एक दूसरे की मदद करते हुए मानवता का परिचय दे रहा था। लेकिन एक ऐसा विभाग भी था जो मरीजों की सेवा कम बल्कि कमाई करने में ज्यादा जुटा था। हम बात कर रहे है स्वास्थ्य विभाग में अति आवश्यक सामान की खरीदी की । खनिज न्यास मद में भरे खजाने को सोची समझी रणनीति के तहत लूटने का प्लान बनाया गया और महामारी की आड़ लेकर करोड़ों का वारा न्यारा कर डाला। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक मेडिकल दुकानों पर 3 सौ रुपये में मिलने वाली ऑक्सीमीटर 12 सौ 90 में खरीदी कर लाखों रुपए का चूना सरकार को लगाया गया है।

39 लाख का खरीदा ऑक्सीमीटरः कोरोना काल में मरीजों के लगातार घट रहे ऑक्सीजन लेवल को मापने के लिए बाजार में पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध था। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों और होम आइसोलेट हुए मरीजों के ऑक्सीजन लेबल को मापने के स्वास्थ्य विभाग ने 38 लाख 70 हजार रूपये का ऑक्सीमीटर खरीद डाला वो भी बाजार भाव से लगभग चार गुना दाम पर, जबकि हकीकत यह है कि होम आईसोलेट में रह रहे मरीजों ने अपने स्वयं के संसाधन से कोरोना के लिए उपयोग होने वाली कीट की खरीदी की थी।

4 सौ में मिलने वाली ऑक्सीमीटर 12 सौ में खरीदा

होनी चाहिए जांच - मनीष

स्वास्थ्य विभाग में हुई खरीदी की सूक्ष्म जांच होनी चाहिए। ये कहना है आर.टी.आई. कार्यकर्ता मनीष राठौर का। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से सामग्री खरीदी की गई तो इसे वितरण कंहा किया गया क्योंकि आइसोलेशन में रहने वाले मरीजो को तो अपने स्वयं के खर्च पर सारा सामान खरीदना पड़ रहा था। कुल मिलाकर कर बीमारी का फायदा उठाकर स्वास्थ्य विभाग ने कागजो पर खरीदी कर अपने चहेते ठेकेदार को रकम दान में दे दी है।" आपदा को अवसर में तब्दील करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 3 सौ रुपये खुले बाजार में मिलने वाली ऑक्सिमिटर को 1290 रुपये में खरीद कर सफेद कोट में जमकर लूट की है।

> कोरोना काल में लोगों की जान बचाना पहली प्राथमिकता थी। विभाग में हुए सारे खरीदी नियम के तहत हुआ है। कंही कोई गड़बड़ी हुई होगी तो इसकी जानकारी मुझे नहीं है।
>
> **डॉ भारत भूषण बोर्डे,** जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

महिन्द्रा जाईलो कार में गांजा का परिवहन करते 4 आरोपी पकड़ाए

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ गाँजा एवं शराब के अवैध परिवहन एवं अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने निर्देशित किया गया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उइके से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी चिल्पी उप. निरीक्षक श्री बृजेश सिन्हा के द्वारा चिल्पी थाना क्षेत्र के समस्त विश्वसनीय मुखबीर एवं आम जनों से मुलाकात कर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने अपराधिक तत्वों पर सख्त उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर की ओर से एक महेन्द्रा जाईलो वाहन क्र. MH 12 KN 2284 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गाँजा भरकर रायपुर की ओर से जबलपुर की ओर परिवहन करते ले जा रहा है, उक्त वाहन में बैठे व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही है, उक्त सूचना के सबंध में थाना प्रभारी द्वारा तत्काल जिले के वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा सूचना की तस्दीकी हेतु नाकाबंदी पाईन्ट लगाकर वाहनों की चेंकिंग करने निर्देशित किया गया, जिस पर सहा. उप निरी. गोविन्द चन्द्रवंशी थाना चिल्पी एवं स्टाफ को रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवें रोड में नाकाबंदी पाईन्ट लगाया जाकर मार्गो में गुजर रहे वाहनों की चेकिंग कि गई कुछ समय पश्चात् मुखबीर द्वारा बताये गये जानकारी अनुसार एक महेन्द्रा जाईलो वाहन क्र. रू॥ 12 ज्ञ्छ 2284 में सवार व्यक्ति 01. अंकुश कुमार चन्द्राकर पिता कनक राम चन्द्राकर उम्र 32 वर्ष साकिन बसुला डबरी थाना बागबाहरा जिला महासमुन्द, 02.प्रेम शंकर साहू पिता भुनेश्वर साहू उम्र 43 वर्ष साकिन टेमरी थाना कोमाखान जिला महासमुद (छ.ग.), 03.टेकराम साहू पिता चन्द्रमोहन साहू उम्र 19 वर्ष साकिन रीछा पोस्ट बलखेडी बरहैटा तहसील गोरेगांव जिला नरसिहपुर (म.प्र.), 04.बलराम मांझी पिता हीरा सिंह मांझी उम्र 34 वर्ष साकिन कुरूमपुरी थाना लखना जिला नुवापाडा ओडिसा से पुछताछ करने पर जबलपुर, नरसिंहपुर मध्यप्रदेश की ओर जाना बताया।

मंत्री रूद्र कुमार का युकां नेताओं ने किया स्वागत

खरोरा । छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व ग्रामोद्योग केबिनेट मंत्री गुरु रूद्र कुमार के जांजगीर चांपा जिला के प्रवास के दौरान खरोरा नगर से गुजरते वक्त केसला पेट्रोल पंप के पास जनपद सदस्य व युवा कांग्रेसी नेता मुकेश भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य व विधायक प्रतिनिधि मुकेश भारद्वाज, विनय अग्रवाल, खूबी राम, संत नवरेंगे, पुष्कर, सुमित हरभजन भारद्वाज मारकांडे, राजा, चन्दन बंजारे, गिरिश बंजारे, नंदकुमार बंजारे, डेरहा, नकुल बंजारे, मुरली कुरे, पूर्व सरपंच मदन देवांगन, खन्ना टंडन आदि उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू परिषद की हुई बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

बालोद। महादेव भवन में विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं बजरंग दल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जहां विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया।

विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष रविप्रकाश पांडे बालोद, उपाध्यक्ष राज सोनी बालोद, बंशीलाल रावटे कुसुमकसा, जिला मंत्री संजय बैस कुसुमकसा, सह मंत्री महेंद्र सोनवानी बालोद, विशाल साहू गुंडरदेही, दिनेश अग्रवाल डौण्डी, संयोजक- सतीश विश्वकर्मा बालोद, सह संयोजक उमेश सेन, नीलाम्बर साहू, जिला सयोजिक मातृ शक्ति सत्या साहू दल्ली राजहरा, जिला सत्संग प्रमुख मनोहर साहू डौण्डी लोहारा, धर्म प्रसार प्रमुख धर्मेंद्र निषाद डौण्डी लोहारा, धर्माचार्य प्रमुख नरोत्तम साहू, पुरोहित विनोद गिरी गोस्वामी, सेवा प्रमुख राधेश्याम सिन्हा, सामाजिक समरसता प्रमुख देवप्रसाद कुलदीप, गौ सेवा प्रमुख अजय यादव को नवीन दायित्व दिया गया है।